ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 239
मेरठ, शनिवार, 29 जून 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार





मथुरा-वृन्दावन नगर निगम होती जा रही हाईटेक...... . 6


राष्ट्रहित सर्वोपरि


मनोरंजन के बाजार में वायरल संस्कृति का दौर....4


## अयोध्या में राम पथ के निर्माण में लापरवाही, छह अधिकारी निलंबित



अयोध्या (उप्र), तं च्ंजी ब्वदेजतनबजपवदै बंउरू उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ के निर्माण और सीवर लाइन बिछाने में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा उत्तर प्रदेश जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

पिछले शनिवार और मंगलवार रात हुई बारिश में यहां राम पथ के किनारे स्थित करीब 15 गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई थीं। राम पथ के किनारे स्थित घरों में न सिर्फबारिश का पानी घुस गया, बल्कि नवनिर्मित राम पथ एक दर्जन से अधिक स्थानों पर धंस गया।

राज्य सरकार ने इस मामले में अहमदाबाद स्थित कंपनी भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया है। विशेष सचिव विनोद कुमार ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल और सहायक अभियंता अनुज देशवाल को निलंबित करने के आदेश जारी किए।

वहीं, कनिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पांडेय को निलंबित करने का आदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता (विकास) वी के श्रीवास्तव ने जारी किया।

उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने अयोध्या में पदस्थ अधिशासी अभियंता आनंद कुमार दुबे, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार यादव और अवर अभियंता मोहम्मद शाहिद को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।


पीडब्ल्यूडी की ओर से जारी एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि राम पथ की सबसे ऊपरी परत निर्मित किये जाने के तुरंत बाद क्षतिग्रस्त हो गई। इससे राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता के तहत किए जा रहे कार्यों में शिथिलता सामने आई और आम लोगों के बीच राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा है।

कार्यालय आदेश में कहा गया, 'इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए निर्माण खंड-तृतीय के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम सात के तहत निलंबित किया जाता है।

वह अयोध्या में मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।' प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी, अजय चौहान ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# नीट संसद में संग्राम, सरकार ने कहा- चर्चा को तैयार

### सभापति धनखड़ की टिप्पणी के बाद विपक्ष का वॉकआउट



नयी दिल्ली, (एजेंसी) संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार को विपक्षी दलों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितताओं को लेकर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए जोरदार हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में आसन के समक्ष प्रदर्शन से नाराज सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऐसा आचरण उन लोगों ने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता। इस पर विपक्षी सदस्य सदन से वॉकआउट कर गये। सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'सरकार हर तरह की चर्चा को तैयार है, लेकिन सब कुछ नियमों का पालन करते हुए और मर्यादा में रहते हुए होना चाहिए।' इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा से पहले नीट मामले पर सदन में चर्चा करानी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करने की परंपरा नहीं रही है। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा कि वे अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नीट एवं अन्य सभी विषय उठा सकते हैं। कांग्रेस का दावा है कि लोकसभा में राहुल जब बोल रहे थे, तो उनका माइक बंद कर दिया गया। राज्यसभा में हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं।

इस बीच, सीबीआई ने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

**आचरण बेहद पीड़ादायी रू धनखड़**

राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक आसन के समक्ष आ गए। यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। अधिक पीड़ादायक यह है कि उन्होंने बाहर जाकर गलत बातें कही। लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया।

## प्रधानमंत्री चर्चा नहीं चाहते : राहुल



राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा, 'एक त्रासदी हुई है और हर कोई जानता है कि पेपर लीक हुआ। छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं को नष्ट कर दिया गया। सभी विपक्षी दलों का सर्वसम्मत निर्णय था कि हमें शांतिपूर्ण चर्चा करनी चाहिए। जब मैंने इस मुद्दे को संसद में उठाया, तो मुझे बोलने की अनुमति नहीं दी गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री, जिन्हें चर्चा का नेतृत्व करना चाहिए, वह चर्चा ही नहीं चाहते। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते, सिर्फविचार सदन में रखना चाहते हैं।'

# 88 साल बाद बरसा रिकॉर्ड पानी, राजधानी में जलभराव से जनजीवन ठप

### मॉनसून की पहली बारिश में दिल्ली जलथल, हवाई अड्डे के टर्मिनल की छत ढहने से एक की मौत





नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में शुक्रवार को मॉनसून के पहले दिन लगातार तीन घंटे तक बारिश हुई जो पिछले 88 सालों में इस महीने हुई सर्वाधिक वर्षा है। बारिश के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उड़ानों का संचालन निलंबित कर दिया गया। पानी के संकट से जूझ रही 'प्यासी'ि दिल्ली के कई हिस्से जलमग्न हो गए। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1936 के बाद शहर में पिछले 88 वर्षों में जून में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। तड़के हुई भारी बारिश राष्ट्रीय राजधानी को घुटनों पर ले आई, जिसकी वजह से रोहिणी इलाके में करंट लगने से 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा वसंत विहार में निर्माणाधीन दीवार गिरने पर तीन मजदूर उसके नीचे दब गए। शाम तक बचाव कार्य जारी रहा और हर बीतते मिनट के साथ उनके जिंदा बचे होने की उम्मीदें दम तोड़ने लगीं। दिल्लीवासी सुबह जब सोकर उठे तब तक भारी बारिश राजधानी को तर-बतर कर चुकी थी। इस दौरान लोगों के घरों में पानी भर गया, वाहन डूब गए और मीलों लंबा यातायात जाम लग गया, जिसे खत्म होने में घंटों लग गए। हजारों यात्री सड़कों पर फंसे रहे, जिनमें से कई अपने कार्यालय और दूसरे कामों पर नहीं जा सके। बारिश के बाद प्रगति मैदान की सुरंग बंद कर दी गई। इसके अलावा लुटियंस दिल्ली, हौज खास, साउथ एक्सटेंशन और मयूर विहार जैसे पॉश इलाकों समेत पूरे शहर में घरों में पानी भरने की खबरें मिली हैं। सफ्दरजंग वेधशाला ने शुक्रवार सुबह 8रू30 बजे से पहले के 24 घंटों में 228.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जो जून की औसत बारिश 74.1 मिमी से तीन गुना अधिक है।

हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर बारिश के बीच एक दुखद घटना हुई। सुबह करीब पांच बजे, प्रस्थान क्षेत्र का छत का हिस्सा गिर गया, जिसके चलते कई लोग उसमें फंस गए। इसके अलावा, इसे सहारा देने वाले लौह स्तंभ भी गिर गए, जिससे वहां खड़ी कारें दब गईं। सूत्रों ने बताया कि रमेश कुमार नामक टैक्सी चालक को एक कार से निकाला गया जिस पर लोहे का स्तंभ गिरा हुआ था। उन्होंने कहा कि कुमार को टर्मिनल के पास मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित**

दिल्ली में भारी बारिश के चलते जलभराव वाले इलाकों में बिजली का करंट फैलने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर और कुछ क्षेत्रों में तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। द्वारका, जंगपुरा और लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। निजामुद्दीन, जंगपुरा, द्वारका सेक्टर-सात, पीतमपुरा के कुछ हिस्से, रोहिणी, मॉडल टाउन, मुखर्जी नगर, तिमारपुर, हौजखास के कुछ इलाके, ग्रीन पार्क, मायापुरी, संगम विहार, पहाड़गंज, सदर बाजार, राम नगर, बाड़ा हिंदू राव, करावल नगर, सोनिया विहार, सीलमपुर, लक्ष्मी नगर और त्रिलोक पुरी सहित कई इलाकों में अलग-अलग समय के दौरान बिजली आपूर्ति ठप रही।

**आतिशी ने की आपात बैठक**

दिल्ली सरकार ने स्थिति का जायजा लेने के लिए दोपहर में एक आपातकालीन बैठक की। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा,' 1936 के बाद पहली बार दिल्ली में 24 घंटे में 228 मिलीमीटर बारिश हुई। इसका मतलब है कि दिल्ली में कुल मानसूनी बारिश (800 मिलीमीटर) में से 25 प्रतिशत बारिश सिर्फ24 घंटे में हुई। इस वजह से कई इलाकों में नाले ओवरफ्लो हो गए और पानी निकलने में समय लगा।' उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने भी एक आपातकालीन बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा जलभराव की शिकायतों से निपटने के लिए पानी निकालने वाले पंप तैनात करने का निर्देश दिया।

## लद्दाख में नदी पार कर रहे टैंक पर सवार सेना के पांच जवानों के डूबने की आशंका



लेह, लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार देर रात ज्-72 टैंक पर सवार होकर नदी पार करते समय सेना के पांच जवान बह गए और उनके डूबने की आशंका जताई जा रही।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई।

अधिकारियों के मुताबिक पांच सैनिकों को लेकर जा रहा टी-72 टैंक नदी पार करते समय अचानक आई बाढ़ के कारण डूब गया। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।


# लद्दाख में नदी पार कर रहे टैंक पर सवार सेना के पांच जवानों के डूबने की आशंका

लेह, लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार देर रात ज्-72 टैंक पर सवार होकर नदी पार करते समय सेना के पांच जवान बह गए और उनके डूबने की आशंका जताई जा रही।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई।

अधिकारियों के मुताबिक पांच सैनिकों को लेकर जा रहा टी-72 टैंक नदी पार करते समय अचानक आई बाढ़ के कारण डूब गया। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।




# कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा शुरू, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुफा मंदिर के लिए रवाना




श्रीनगर, । दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नुनवान आधार शिविरों से रवाना होने के साथ शनिवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यात्रा 48 किलोमीटर (किमी) लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई। अमरनाथ यात्रा के लिए ये दोनों पारंपरिक मार्ग हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के जत्थों को संबंधित उपायुक्तों तथा पुलिस एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। तीर्थयात्री दोपहर में कश्मीर घाटी पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

तीर्थयात्री गुफा मंदिर में बर्फसे बने शिवलिंग की पूजा-अर्चना करेंगे। यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। यात्रा 19 अगस्त को संपन्न होगी।

# महाराष्ट्र में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर दो वाहन भिड़े, सात लोगों की मौत




जालना (महाराष्ट्र) ।महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ।

हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''नागपुर से मुंबई जा रहा 'मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल' (एमयूवी) और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।'

अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि एमयूवी अवरोधक को तोड़कर सड़क के बाईं ओर जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

जालना के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश जाधव ने बताया कि छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया है। उन्होंने बताया कि तीन घायलों का इलाज जालना के सरकारी जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को छत्रपति संभाजीनगर जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से तीन मुंबई के रहने वाले थे, जबकि तीन अन्य बुलढाणा जिले के थे। उन्होंने कहा कि जिस घायल व्यक्ति की छत्रपति संभाजीनगर में मौत हुई, उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

उन्होंने कहा कि तीनों घायल व्यक्ति मुंबई के रहने वाले हैं। समृद्धि राजमार्ग मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाला 701 किलोमीटर लंबा छह लेन का एक्सप्रेसवे है। नागपुर को शिरडी से जोड़ने वाले इस राजमार्ग के पहले चरण का उद्घाटन दिसंबर 2022 में किया गया था।

# अमेठी में ग्राम प्रधान के भाई की ईंट-पत्थर से हमला कर हत्या




अमेठी (उप्र), । उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बेनीपुर के पास एक ग्राम प्रधान के भाई की कथित रूप से ईंट-पत्थर से हमला करके हत्या कर दी गयी।

पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि अजय सिंह (45) शुक्रवार की रात अपने साथी सौरभ के साथ मोटरसाइकिल से अमेठी से कडेरगांव जा रहा था तभी रास्ते में अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर बेनीपुर नहर के पास मोनू पासी समेत दो लोगों ने उस पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठे सौरभ ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस अधिकारी ने बताया कि अजय सिंह अमेठी थाना क्षेत्र के कडेरगांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि वह कडेरगांव के प्रधान पवन सिंह का भाई था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुरुआती जांच में मालूम हुआ है कि हमलावरों का अजय सिंह के साथ विवाद था और वारदात के वक्त हमलावर नशे में थे। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणाम के रुझान में पेजेशकियन व जलीली के बीच कड़ी टक्कर



दुबई,(एपी) ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणाम के रुझानों में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी प्रत्याशी सईद जलीली के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन चौनल द्वारा प्रसारित प्रारंभिक परिणामों में दोनों में से किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में सीधे जीत हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखाया गया, जिससे चुनाव परिणामों में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना नजर आ रही है। चौनल ने बताया कि एक करोड़ 20 लाख मतों की गिनती के बाद पेजेशकियन को 53 लाख वोट मिले, जबकि जलीली को 48 लाख वोट मिले हैं। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफको 16 लाख वोट मिले ।शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 95,000 वोट मिले हैं। ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिस कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया गया। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ईरानी कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा। ईरान के राष्ट्रपति पद के चुनावी इतिहास में केवल एक बार 2005 में ऐसा हुआ है जब कट्टरपंथी महमूद अहमदीनेजाद ने पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया था।

# जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, नारी निकेतन व सूरजकुंड बाल गृह का निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) व सूरजकुंड बाल गृह का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा कक्ष, बैरक तथा पाकशाला का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों को खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने व कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने के निर्देश दिये गये। जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा नारी निकेतन में संवासिनियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तथा संबंधित अधिकारी को बच्चों को जूते, कपड़े व ड्राइंग कलर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जेल अधीक्षक जिला कारागार शशिकांत मिश्र, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, नारी निकेतन, सूरजकुंड बाल गृह का स्टाफ संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पीड़िता को थाने से टरकाया एसएसपी से मिले आप जिला अध्यक्ष

## थाना लिसाड़ी गेट पुलिस पर लगा आरोप दोषियों के खिलाफतहरीर देने के बाद डॉक्टरी होने के बावजूद नहीं दर्ज की गई एफआईआर उल्टा पीड़िता के भाई के घर ही पहुंच गई पुलिस

## पीड़ित महिला और उसके परिजनों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे आप जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने करी दोषियों के खिलाफजल्द से जल्द मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की मांग



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र निवासी महिला के साथ उसके पति और जेठ व अन्य लोगों के द्वारा बुरी तरह मारपीट कर उस घायल करने के बाद पीड़िता के थाने पर पहुंच कर आरोपियों के खिलाफलिखित तहरीर देने के बाद पुलिस द्वारा पीड़िता की डॉक्टरी कराने के बाद भी उसकी एफआईआर दर्ज न करने पर इंसाफके लिए दर-दर भटक रही पीड़िता रुखसाना का मामला आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के संज्ञान में आने के बाद आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी पीड़िता रुखसाना को न्याय दिलाने के लिए उसके परिजनों के साथ शुक्रवार को एस0एस0पी0 कार्यालय पहुंच गए। वहां उन्होंने नवागत एसएसपी से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने सहित कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग रखी। पीड़िता रुखसाना का आरोप है कि बीती 16 तारीख को मेरठ दक्षिण निवासी रुखसाना के साथ उसके पति लईक व जेठ इदरीश आदि ने बुरी तरह मारपीट की थी जिसके कारण उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। 17 तारीख को पीड़िता लिसाड़ी गेट थाने पर शिकायत करने गई जहां पुलिस के द्वारा उसका मेडिकल कराया गया लेकिन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई जिसके बाद वह इंसाफ के लिए लगातार पीड़िता भटकती रही है। जबकि इस मामले में एस0पी0 सिटी ने भी थाना अध्यक्ष को बोला था कि पीड़िता की फिर दर्ज करें और जब पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ इंस्पेक्टर से मुलाकात की तो उनका कहना था कि कहीं भी चले जाओ कुछ नहीं होगा। इसके बाद रुखसाना के द्वारा 18 तारीख को एस0एस0पी0 मेरठ कार्यलय पर भी शिकायत की गई थी। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई उल्टा पीड़िता के भाइयों के घर पुलिस पहुंच गई, लगातार पीड़िता अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसको लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने एस0एस0पी0 मेरठ से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की मांग की। पीड़िता के साथ एस0एस0पी0 कार्यालय पर आम आदमी पार्टी मेरठ जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष सलीम मंसूरी, मो शहजाद मंसूरी, राहुल भाटीपूरा, हर्ष वशिष्ठ, मनोज शर्मा, फुरकान त्यागी, भूप सिंह, गजेन्द्र, वसीम, सचिन वाल्मीकि, अफसाना, गुलिस्ता आदि मौजूद रहे।

# यूपी सरकार की नीतियों और योजनाओं को पलीता लगा रहा सिक्रेटरी ग्राम प्रधान

## ग्रामीणों में कार्य को लेकर आक्रोश व्याप्त

युरेशिया संवाददाता



अंबेडकर नगर बसखारी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा मसडा मोहनपुर के बरही में ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो पूरी तरह से भ्रष्टाचार के दलदल में शराबोर नजर आ रहा है। खडंजे का निर्माण मानकों को दरकिनार करते हुए नियम कानून को ताख पर रखकर धड़ल्ले से किया जा रहा है जिसमें बसखारी ब्लॉक अधिकारी और सेक्रेटरी का पूरा संरक्षण नजर आ रहा है जिनके सह पर ग्रामप्रधान ऐसे भ्रष्टाचार के कार्योको खुलेआम अंजाम दे रहा है।

वही दूसरी तरफमनरेगा के मजदूरों की रोजी-रोटी छीनने और पेट पर लात मारने का काम ग्राम प्रधान से लेकर ब्लाक के जिम्मेदारान अधिकारी कर रहे हैं। मनरेगा मजदूरों का जीवन इसी मजदूरी पर ही आधारित है लेकिन उनसे काम न लेकर ट्रैक्टर ट्राली का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है।

जिसे लेकर मनरेगा मजदूरों में काफी आक्रोश व्याप्त है तो वही इस कार्य से ग्रामवासियो में भी काफी आक्रोश व्याप्त नजर आ रहा है जो खुलकर मीडिया के सामने बोलते हुए नजर आ रहे हैं। कार्य के संबंध में जब ब्लॉक अधिकारी वीडियो को कॉल किया गया तो साहब का फोन रिसीव नहीं हुआ तो वही सेक्रेटरी को बार-बार कॉल करने के बावजूद भी फोन रिसीव नहीं किया गया। ग्राम प्रधान ने भी यही सिस्टम अपना रखा है ऐसे में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का सपना कैसे साकार होगा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे योजनाओं का लाभ पहुंचेगा, सुविधा कैसे मिल पाएंगी यह तो मील का पत्थर साबित होता नजर आ रहा है जब भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर चल रहा हो। जब इस संदर्भ में विकासखंड अधिकारी बसखारी को फोन लगाया गया तो फोन उठा नहीं।

# दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष दिनदहाड़े गोली मारकर एक की हत्या

## कई राउंड हुई फायरिंग- जमकर चले लाठी डंडे हुआ पथराव क्षेत्र में फैली सनसनी एसपी देहात कमलेश बहादुर और कई थानों का कोर्स पहुंचा मौके पर गांव में तैनात किया गया पुलिस बल





युरेशिया संवाददाता

मेरठ हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव रठौरा खुर्द में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के दौरान जमकर लाठी डंडे चले व पथराव हुआ और गांव के लोगों ने ही दिन दहाड़े एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी हत्या की खबर से गांव में सनसनी फैल गई और एसपी देहात कमलेश बहादुर कई थानों का फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए और पीएसी मौके पर बुलाई गई। मामला हस्तिनापुर ?थाना क्षेत्र के गांव रठौरा खुर्द का है, जहां अनुसूचित जाति और वाल्मीकि समाज के लोगों के बीच में पिछले एक महीने से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में आपसी रंजिश चल रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि एक महीना पूर्व दोनों ही पक्षों मे बच्चों को लेकर भी विवाद हुआ था दोनों पक्ष आपस में विवाद रखते थे। शुक्रवार को जाटव जाति का 45 वर्षीय सोहनवीर पुत्र ओमप्रकाश अपने घर से किसी काम से गांव में जा रहा था। वह गांव में ही फर्नीचर का काम करता था। दोपहर को जब वह गांव के मुख्य मार्ग पर पहुंचा तो तभी वाल्मीकि समाज के कुछ युवकों ने उसे पर अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया गोली की आवाज सुनते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी और घायल सोहनवीर को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर सोहनवीर की मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोहनवीर के चार बच्चों में दो बेटे और दो बेटी हैं और सभी अविवाहित हैं। दिनदहाड़े सोहनवीर की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई । सोहनवीर की हत्या से उसके परिजन और बिरादरी के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने हत्यारोपी सहित वाल्मीकि समाज के अन्य लोगों के घरों पर भी पथराव कर दिया। देखते ही देखते दोनों तरफ?से पथराव और लाठी-डंडे चलने लगे। ग्रामीणों के अनुसार दोनों तरफ से कई ?राउंड फायर भी हुए। मामला बढ़ता देख थानाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। जिस पर कई थानों का फोर्स लेकर सबसे पहले सीओ मवाना सौरभ सिंह और एसडीएम मवाना अंकित कुमार मौके पर पहुंचे। वहीं इसके बाद ही एसपी देहात कमलेश बहादुर भी अतिरिक्त फोर्स ?के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं इस मामले में एसपी देहात कमलेश बहादुर का कहना है कि चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। और गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# 29 जून को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर में किया जा रहा रोजगार मेले का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मंडल मेरठ ने बताया कि दिनांक 29 जून 2024 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर, मेरठ में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में हाई स्कूल, इंटर, आई0टी0आई0 शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित निजी क्षेत्र की कम्पनी श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग्स, गाजियाबाद प्रतिभाग कर रही है। अभ्यर्थियों हेतु मशीन ऑपरेटर पद हेतु साक्षात्कार कर रोजगार दिये जायेंगे। इस पद हेतु 13000६- रूपये वेतन प्रस्तावित किया गया है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन अवश्य करायें तथा पंजीयन के यूजर आई0डी0ध्पासवर्ड से लॉगिन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप कम्पनी का चयन कर ऑनलाईन आवेदन अवश्य करें। जिन अभ्यर्थियों का पोर्टल पर पंजीयन नहीं है, वह भी रोजगार मेले में प्रतिभाग नहीं कर सकते हैं। रोजगार मेले से सम्बन्धित सम्पूर्ण चयन साक्षात्कार प्रक्रिया निशुल्क की जायेगी। मेले में प्रतिभागी सभी अभ्यर्थियों के शिक्षण, प्रशिक्षण, कैरियर रोजगार एवं स्वरोजगार से सम्बन्धित अनेक अवसरों से परिचित कराया जायेगा। वर्तमान परिवेश की आवश्यकताओं के फ्लस्वरूप युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in का विकास कराया गया है। बेरोजगार के हितार्थ एकीकृत पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, ऑनलाइन काउन्सलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है। बदलते परिदृश्य में युवाओं को रोजगार की नयी संभावनाओं पर विचार करना आवश्यक है। परिवर्धित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से युवा अपना भविष्य स्वय निर्धारित करें।

# बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राम नायक वर्मा एवं समाजसेवी बरकत अली ने मेडिकल कॉलेज सदरपुर पहुंचकर लावारिस बच्चे हाल जाना

युरेशिया संवाददाता



अंबेडकरनगर । लगभग एक महीने से अधिक समय से एक अज्ञात बच्चे का इलाज मेडिकल कॉलेज सदरपुर में चल रहा है स्थिर गंभीर बनी हुई है सोशल मीडिया के माध्यम से समाजसेवी बरकत अली को जब इस बच्चे के बारे में जानकारी हुआ तब समाजसेवी बरकत अली ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राम नायक वर्मा से फोन पर वार्ता करके जानकारी दिया और कहा मेडिकल कॉलेज सदरपुर चलकर इस बच्चे के बारे में जानकारी लेते हैं इसके बाद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा और समाजसेवी बरकत अली मेडिकल कॉलेज पहुंचकर उसे बच्चे के बारे में जानकारी लिया वहां के डॉक्टर ने उनको बताया कि बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है इलाज हो रहा है अभी तक कोई भी परिवार वाला उनके पास नहीं आया है समाजसेवी बरकत अली ने समस्त जनपद वासियों से अपील किया है कि इस बच्चे को पहचान करवाने में मदद करें

# क्षतिग्रस्त हाईवे को सही कराने की मांग

युरेशिया संवाददाता



मीरापुर। रामराज से मोड सदरपुर तक गडढायुक्त सडक पर काफी समय से आवागमन बाधित था। सडक खराब होने के कारण कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो गये। इसी के विरोध में रामराज के व्यापारियों व नागरिको ने एनएचआई के अधिकारियों के विरूद्ध धरना दिया।

रामराज से लेकर मोड सदरपुर तक हाईवे के सडक पर पानी भरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। सडक में कई कई फुट गहरे गडढे बन चुके थे। क्षतिग्रस्त सडक होने के कारण लोगो को भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा था। अनेको बार दैनिक यात्रियों व कस्बे वासियों ने एनएचआई के आला अफसरो से व क्षेत्रीय मंत्रियों, विधायको व सांसदो से सडक निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिये थे लेकिन कोई भी प्रगति नजर नही आई। रामराज के व्यापारियों व कस्बेवासियों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होने हाईवे के निकट बने दशमेश पब्लिक स्कूल में मैदान में हाईवे पर जाम लगाकर धरने पर बैठ गये। चक्काजाम होने से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों में हडकम्प मच गया। सूचना पाकर रामराज व बहसूमा थाने की पुलिस धरनास्थल पर पहुंच गई। धरने पर एनएचआई के मैनेजर राजेश गिरी, प्रोजेक्ट मैनेजर समीर गौढ, मवाना तहसीलदार आकांक्षा ज्योति व वीडिओ मौके पर पहुंच गये तथा लोगो की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों ने नालो में भरा पानी निकालने व गडढो में तुरंत मिट्टी डलवाने का आश्वासन दिया। आश्वान के बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना समाप्त होने के बाद तुरंत जेसीबी मशीन लगाकर सडक के किनारे बने नालो की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया तथा गहरे गडढो में मिट्टी डालने का कार्य शुरू करा दिया गया। धरनास्थल पर चौ. सुभाष, ठाकुर जयपाल सिंह, सुभाष मान, महेन्द्र शर्मा, श्रीपाल कोहली, विपिन मनचंदा, सुदर्शन गोयल, रोहित बंसल आदि मौजूद रहे।

# गृह कलेश क्षुब्ध युवक ने मौत को गले लगाया

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर में एक युवक ने गृह कलेश से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्राम सिकन्दरपुर निवासी सद्दाम पुत्र दोस मौहम्मद उम्र 35 वर्ष का काफी समय से अपने परिजनो से विवाद चल रहा था। विवाद के चलते सद्दाम ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक विवाहित युवक है जो अपने पीछे पत्नी व दो बच्चो को छोड गया है। उसकी मृत्यू पर उसके परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। देर शाम मृतक सद्दाम के शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक कर दिया गया।

# रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर घायल किया

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। पुरानी रंजिश के चलते चार युवको ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने चारो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव गढी रसूलपुर निवासी शुएब पुत्र सुलेमान किसी कार्य से गांव के बाहर काम से आ रहा था। रास्ते में उसे गांव के नदीम, रियासत, शराफत व नसीम ने रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डंडो से पीट कर घायल कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा घायल को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। पीडित की तहरीर पर चारो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लाईनमैन ने गृह कलेह से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाया



युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी मुश्तर्क निवासी एक संविदाकर्मी लाईनमैन ने गृह कलेह से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मीरापुर के मौहल्ला दक्षिणी मुश्तर्क निवासी हिमांशु उर्फमोनू पुत्र ब्रजपाल उर्फ बिल्लू उम्र 35 वर्ष मीरापुर बिजली घर पर संविदा लाईनमैन के पद पर कार्यरत है। मोनू का काफी दिनो से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को 11:30 पर मोनू की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर बहस हो गई जिसके बाद उसने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया तथा खम्बे पर चढने वाली बेल्ट को पंखे में डाकलकर फांसी का फंदा बनाकर उसपर लटक गया। उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो मोनू के माता पिता ने पडोस के लोगो को बुलाया तथा कमरे का दरवाजा तोडकर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा उसे सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया गया जहां उसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र व माता पिता को रोता बिलखता छोड गया है।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया
प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
9410231400
7533833844
7533833855
0121- 4324497
Email: ureshiyapress@gmail.com
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

## एक नजर..

# बड़का मे निशुल्क सिलाई कढ़ाई शिविर का हुआ शुभारंभ

नीलकंठ /युरेशिया



बड़ौत। बड़का गांव में लाला रामकुमार गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि योगाचार्य राजीव जैन ने मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। निशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ योगाचार्य राजीव जैन ने फीता काटकर करते हुए, प्रशिक्षुओं को सन्देश दिया कि वह मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें, ओर प्रशिक्षित होकर किसी भी एक बेटी को प्रशिक्षण जरूर दें। ताकि ट्रस्ट का बेटियों को प्रशिक्षित करने का उद्देश्य आगे बढ़ सके। इस अवसर पर ट्रस्ट के चौयरमेन डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि एक बेटी के शिक्षित होने से एक परिवार शिक्षित होता है। इसलिए बेटियों को सभी आवश्यक पढ़ायें ओर उनको आगे बढ़ने दें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर सचिन गुप्ता ओर संचालन प्रियांशु गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षिका श्रीमती बबली ने बताया,कि शुभारंभ के दिन ही 37 बेटियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इस अवसर पर डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी, योगाचार्य राजीव जैन, सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, दीपांशु गुप्ता, विकास गुप्ता, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक बंदी से नहीं है, बाजार प्रभावितः जितेंद्र तोमर

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। श्रमिक एसोशिएशन बागपत के कानूनी सलाहकार जितेन्द्र कुमार तोमर ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि बागपत सहायक श्रमायुक्त श्रीमती विनीता सिंह के द्वारा परमिशन मिलने के उपरांत उन्होंने साप्ताहिक बंदी के लिए मुनादी करवाई थी लेकिन इसके बावजूद 90 प्रतिशत बाजार खुला रहा। बड़ौत में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बुधवार को साप्ताहिक मार्केट बंदी के आदेश है ताकी दुकानों पर नौकरी करने वाले श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश मिल सके इसके बावजूद व्यापारियों इन आदेशों को ताक पर रख कर बाजार खोल रहे है। बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन बागपत के जिलाध्यक्ष प्रवीण वर्मा ने बताया बाजार में कुछ भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है की साप्ताहिक बंदी से बाजार प्रभावित हो रहा है जबकि ऐसा नहीं है। व्यापारियों द्वारा साप्ताहिक बंदी से बचने के लिए बाजार में यह भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है।उन्होंने बताया कि इस प्रकार कि भ्रामक खबरों से बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन बागपत अपने उद्देश्य से नहीं पीछे नहीं हटेगी ।साप्ताहिक अवकाश दिलाने की लड़ाई को और मजबूती से लडेगी।

# बड़ौत ब्लॉक के सेवादारों ने जरूरतमंद महिला की रक्त देकर बचाई जान

नीलकंठ /युरेशिया



बड़ौत। बड़ौत ब्लॉक के सेवादारों द्वारा पूज्य गुरूजी संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिँह जी इंसा की प्रेरणा पर चलते हुए इंसानियत की सेवा मे नित नए आयाम स्थापित किये जा रहे है। शुक्रवार को ब्लॉक के जिम्मेवार तेजपाल पंवार के पास सावित्री पत्नी महक सिंह की बीमारी के चलते दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ी। जिस पर ब्लॉक के दो सेवादार नीटू इंसा और विक्रांत इंसा सहर्ष रक्तदान के लिए तैयार हो गए और उन्होंने दो यूनिट रक्त देकर महिला के इलाज मे मदद की। परिजनों ने पूज्य गुरूजी और सेवादारों का आभार व्यक्त किया।

# स्कूल में पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत



नीलकंठ /युरेशिया


बड़ौत। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़का मेंशुक्रवार को प्राचार्य डायट श्रीमती अनुराधा शर्मा (चै) एवम डायट मेंटर गीता राठी द्वारा निरीक्षण किया गया! विद्यालय मे समस्त अध्यापक उपस्थित पाए गए! विद्यालय में साफ सफाई की उचित व्यवस्था पायी गयी, एवं विद्यालय भवन पर गुब्बारे एवं फूलों से सजावट पायी गयी! रोली चंदन तिलक करके बच्चों का स्वागत किया गया। एवं बच्चों का समर कैम्प की गतिविधियां प्रारंभ की गई! समस्त बच्चों को मिड डे मिल के अंतर्गत हलवा वितरित किया गया! बच्चे स्वागत एवं मिष्ठान पाकर बच्चे बहुत खुश हुए एवं समर कैम्प की गतिविधियों मे प्रसन्न होकर प्रतिभाग किया!

श्रीमती अनुराधा शर्मा ने विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया एवं निपुण लक्ष्य प्राप्ति हेतु योजना पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया!

विद्यालय में ग्राम प्रधान श्री राम भजन, श्रीमती गीता राठी एवं समस्त अध्यापक उपस्थित रहें।

# भारत गौरव पुरस्कार समारोह दिल्ली के राजेंद्र भवन में होगा

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। भारत गौरव पुरस्कार समारोह दिल्ली के राजेंद्र भवन में 28 जुलाई को किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी जोर-जोर के साथ चल रही है। समारोह में बागपत समेत दिल्ली एनसीआर से काफी लोग शिरकत करेंगे।

इवेंट ऑर्गेनाइजर हिफाजत हुसैन और नवाज खान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायन, फैशन और नृत्य को तरजीह दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें मंच प्रदान करना है, ताकि वह अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की और जुड़ने की अपील की है। बताया कि कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियो के आने की सम्भावना है, जिसमें मुख्य रूप से प्रेरक वक्ता बिजनेस कोच टीएस मदन, नागरिक सुरक्षा प्रमुख वार्डन राजेंद्र कपूर, बॉलीवुड अभिनेता जुनैद हुसैन खानमीडिया जगत के जाने माने पत्रिका निदेशक प्रधान संपादक तरुण कुमार निमेश, पत्रकार रश्मि निमेश और भी कई मुख्य मेहमान के आने की संभावना है।

# शास्त्रीय संगीत पर आधारित रागों के सुनने से रोगी को मिलती है कष्टकारी रोगों से निजात :संगीतज्ञ सौरव बर्नजी

युरेशिया संवाददाता



खेकड़ा अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा के तत्वाधान में विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में बीती रात नगर के अर्वाचीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक शाम संगीत के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोलकाता-बंगाल से पधारे संगीतज्ञ सौरव बर्नजी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में श्रोताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगीतज्ञ सौरव बनर्जी ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत मानव जीवन के लिए आवश्यक है। शास्त्रीय संगीत रागों द्वारा मनुष्य के कष्टकारी रोगों का निवारण भी किया जा सकता है। कार्यक्रम में धर्म संघ के उमेश शर्मा, नरेंद्र धामा, डॉ दीपक धामा, कुलदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि संगीतज्ञ सौरव बर्नजी को पगड़ी,पटका,माला, पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर संगीतज्ञ सौरभ बनर्जी ने बताया कि हर राग में रोग निरोधी क्षमता होती है। रागों पर आधारित भजन एवं गानों को सुनने से रोगी जटिल रोगों से भी मुक्ति पा जाता है। राग पुनिया, धनाश्री अनिद्रा रोग को दूर करता है तो राग मालकोंश मनुष्य को तनाव से निजात दिलाता है। राग भैरवी और राग देश मस्तिष्क की बीमारियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते है जबकि रात पीलू रक्तहीनता के उपचार में लाभकारी है। राग सारंग पित्तनाशक है तथा मिर्गी के रोगियों को राहत प्रदान करता है।

धर्म संघ के महामंत्री उमेश शर्मा ने बताया कि संगीत सुनना हर किसी को पसंद है। संगीत हमेशा से ही लोगों के जीवन का हिस्सा रहा है। संगीत, नृत्य के द्वारा ही मनुष्य से लेकर ईश्वर तक को प्रसन्न किया जा सकता है। इसीलिए पूर्व काल में भी राजा महाराजाओं के दरबार में संगीतज्ञ और नृत्य कला के उच्च कोटि के कलाकार रहते थे। वही युद्ध काल के समय में भी संगीत के द्वारा ही सैनिकों में जोश और उमंग का संचार किया जाता था।

कार्यक्रम में राजू दीवाना टिन्नू पार्टी ने भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित भक्ति एवं गीतों की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि संगीतज्ञ ने सौरव बनर्जी ने नगर के संगीत कलाकार राजू पंचाल, राजेश रहेला, सचिन रुहेला को पगड़ी, पटका, पहनाकर कार्यक्रम में सम्मानित किया।

शास्त्रीय संगीत पर आधारित कार्यक्रम में महिला चिकित्सा अधिकारी सोनल धामा, प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी, श्रीमती गीता शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्राचार्य नरेंद्र धामा,डा. दीपक धामा, उमाशंकर शर्मा, डॉ मनोज, संयम गौड़, प्रज्ञ शर्मा, सौरभ जैन, अखिलेश कौशिक, सचिन कुमार, राजेश कुमार आदि ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित भजनों एवं गीतों का लुफ्त उठाया।

# विकास भवन में पेंशन संबंधित लगाया गया कैम्प

## पेंशन लाभार्थियों की आधार केवाईसी लम्बित है, उन लाभार्थियों की आधार केवाईसी कैम्प लगाकर की गई

## कल विकास भवन में पेंशन कैम्प लगाया जाएगा।



युरेशिया संवाददाता

बागपत। पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन), वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत जनपद बागपत में लाभार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आधार प्रमाणीकरण इत्यादि हेतु विकास भवन परिसर, बागपत में दिनांक 28.06.2024 (शुक्रवार) एवं दिनांक 29.06.2024 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जा रहा है । विकास भवन, बागपत में चल रहे कैम्प में पेंशन से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिन लाभार्थियों की आधार केवाईसी लम्बित है, उन लाभार्थियों की आधार केवाईसी की जा रही। जिसके क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने विकास भवन में कैम्प स्थल पर पहुंचकर पेंशन धारकों से उनकी समस्या जानी और उन्होंने कहा कि जो पेंशन के काउंटर बनाए गए हैं उन पर कार्य पेंशन संबंधित व्यवस्थित तरीके से हो कोई भी व्यक्ति समस्या लेकर घर नहीं जाएगा समस्या का समाधान होने पर ही घर जाएं।

आज दिनांक 28.06.2024 को आयोजित हुए कैम्प में विधवा पेंशन की 143 शिकायतें प्राप्त हुई, सभी शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही किया गया। वृद्धावस्था पेंशन की 240 शिकायतें प्राप्त हुई। दिव्यांग पेंशन की 30 शिकायतें प्राप्त हुई, सभी शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

दिनांक 29.06.2024 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5: 00 बजे तक पुनः विकास भवन में पेंशन कैम्प का आयोजन होगा। कैम्प स्थल पर कोई भी व्यक्ति उपस्थित होकर पेंशन से संबंधित समस्या का निराकरण करा सकता है। कैम्प में आने वाले व्यक्ति/ लाभार्थी को अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लेकर उपस्थित होना होगा। जिन लाभार्थियों को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान हो रहा है, ऐसे लाभार्थियों को कैम्प में आने की आवश्यकता नही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि यादव सहित आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर महावतपुर का किया निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता



## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा बेहतर

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर ) महावतपुर का निरीक्षण किया और संबंधित सी एच ओ शिवानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कोई भी मरीज पहुंच कर वहां तैनात सी एच ओ के द्वारा ई संजीवनी के माध्यम से विशेष चिकित्सकों से भी परामर्श ले सकते हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 14 तरह की जांच की जाती हैं और 58 तरह की दवाई उपलब्ध रहती हैं जिससे कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर प्राप्त हो सके जिससे व्यक्ति को छोटी सी समस्या के लिए बाहर न जाना पड़े जिलाधिकारी द्वारा निरंतर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण किये जा रहे हैं जिसके क्रम में आज उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर महावतपुर में उपस्थिति पंजिका देखी जिसमें आशा सीमा में ना कश्यप पिंकी अमरेश अनुपस्थित मिली जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त आशाएं उपस्थिति पंजिका में अपनी उपस्थिति अवश्य लगे जनपद में 923 आशाएं कार्यरत है जिलाधिकारी ने ओपीडी रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें जो मरीज आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दवाई लेकर गए थे उन से दूरभाष पर बात की और दवाइयां के संबंध में फीडबैक लिया मरीज ने बताया की दवाई आसानी से मिल जाती है किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।

# ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालयों को भव्य रूप से सजाया और बच्चों का किया गया स्वागत

## जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं के रोली टीका लगाकर किया स्वागत और उज्जवल भविष्य की कामना

## जिलाधिकारी से चॉकलेट पाकर बच्चे हुए उत्साहित

## कक्षा-1 तथा कक्षा 6 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से स्वागत कर किया जा रहा प्रोत्साहित



युरेशिया संवाददाता

बागपत भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव) के दृष्टिगत ग्रीष्मावकाश के उपरान्त दिनांक 29 जून, 2024 से विद्यालयों का संचालन प्रारम्भ किये जाने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक एवं अनुकूल बनाने के लिए यह सरकार की एक अच्छी पहल हैजिसके लिये आवश्यक हैं कि विद्यालय पुनः खुलने नए सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय समुदाय द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जा रहा है जिसके क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय महाबतपुर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जिसको एक उत्सव का स्वरूप दिया गया जिलाधिलारी ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुडाव पैदा होता है, जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। आज विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया गया और विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया ओर दिन मध्याहन भोजन में बच्चों के लिए रूचिकर हलवा, खीर आदि भी खिलाये जा रहे । 28 जून, 2024 को समस्त परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक उत्सव का रूप देते हुए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गए । इस संबंध में यह भी अपेक्षा की जाती है कि कक्षा-1 तथा कक्षा 6 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से स्वागत करते हुए प्रोत्साहित किया गया। प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथ द्वारा तैयार किए गए वेलकम कार्ड देकर जिला अधिकारी को सम्मानित किया जिसके जिलाधिकारी ने सहाना की। जनपद के 531 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए मनाया गया उत्सव जिसमे समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, प्राचार्य ध् प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, स्टेट रिसोर्स ग्रुप, अकादमिक रिसोर्स परसन एवं जिला समन्वयक द्वारा भी जनपद के किसी एक विद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर विद्यालय में छात्र छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । इससे छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों को अभिप्रेरणा प्राप्त होगी उनके मनोबल में वृद्धि होगी और विद्यालय में उत्साह वर्द्धक माहौल का सर्जन होता। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और बरसात के समय में सभी को अधिक से अधिक पौधा रोपण करने के लिए अपील की उन्होंने कहा पौधे लगाने से वातावरण हरा भरा और शुद्ध वायु मंडल रहता है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत समस्त शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# अहमदनगर नगलाबड़ी में तीन मकानों पर आकासीय बिजली

## गिरने से लाखों के उपकरण फुक्रें। आकीय बिजली मकान पर गिरने से बाल बाल बचा परिवार।



धर्मपाल सैनी / युरेशिया

अहमदनगर नगलाबड़ी गांव में तीन मकानो पर आकासीय बिजली गिरने से एक मकान मे दरारें आ गयी जबकि लाखों के बिजली के उपकरण फूक्र गये ग्रामीणो ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलानें की मांग की है।

अहमदनगर निवासी लख्मीचंद पुत्र सीताराम का परिवार शुक्रवार सुबह घर के कमरे में था तभी बारिश के साथ आकासीय बिजली लख्मीचंद के मकान पर गिरी जिससे परिवार के लोगो मे भगदड़ मच गयी परिजन घर से बहार निकल आये मकान की दिवारों मे दरार आ गयी वही घर में रखे बिजली के उपकरण फ्रिज,एलसीडी, कम्प्यूटर,व अन्य कीमती समान फुक्र गया इसके अलावा पडौस में ही नगलाबड़ी में सुभाष और जयभगवान के मकान पर भी आकासीय बिजली गिरने से बिजली के सभी उपकरण फुक्र गये ग्रामीणो ने बताया की लख्मीचंद के मकान मे दरारे आ गयी है और मकान पूरा खराब हो गया है वही अन्य के आकासीय बिजली गिरने से लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है ग्रामीणो ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है पांच वर्ष पूर्व गांव के ही काशीराम के मकान पर बिजली गिरने से लाखो का नुकसान हुआ था।

# मलकपुर के युवक की बिजनौर मे सड़क दुर्घटना मे हुई मौत

## उत्तर प्रदेश पुलिस मे बिजनौर जनपद मे आरक्षी पद पर था तैनात।



युरेशिया संवाददाता

बड़ौत। बड़ौत क्षेत्र के लॉयन मलकपुर गांव निवासी जनपद बिजनौर के थाना अफ्जलगढ़ मे तैनात आरक्षी आकाश तोमर पुत्र सौदान सिँह की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी आकाश तोमर 2018 में आरक्षी के पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में आकाश की तैनाती बिजनौर जनपद के थाना अफ्जलगढ़ मे थी।

बताया गया कि आकाश तोमर शांति व्यवस्था ड्यूटी हेतु क्षेत्र में रवाना हुए थे कि थाना अफ्जलगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर जमाल के निकट उनकी मोटरसाइकिल फिसल गयी, जिससे उनके सीने में गम्भीर चोट आयी, जिन्हे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी अफ्जलगढ़ ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हायर सेन्टर के लिये रेफर कर दिया। रास्ते में आकश तोमर की मृत्यु हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी और परिवार मे कोहराम मच गया। बताया गया की दो वर्ष पूर्व ही आकाश की शादी हुई थी ।जिसके बाद से विवाहिता के ऊपर दुखो का पहाड़ टूट गया।

# लाला अर्जुन सिंह का जीवन रहा राष्ट्र को समर्पित अशोक गुप्ता




## स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन।

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। स्वतंत्रता सेनानी लाल अर्जुन सिंह जी की 32वीं पवन पुण्यतिथि के अवसर पर लायंस क्लब अग्रवाल मंडी,रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत,इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी बागपत अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में तारा नेत्रालय लोनी के डॉ ने 476 नेत्र रोगियों की जांच की 388 को चश्मा प्रदान किए गए 12 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित कर वाहन द्वारा लोन अस्पताल भेजा गया 16 व्यक्तियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए शिविर का उद्घाटन आर्य समाज सूरजमल बिहार दिल्ली के प्रधान अशोक गुप्ता ने फीता काटकर किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष एमजेएफ लायन आलोक भटनागर ने कहां की युवाओं को लाला अर्जुन सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए ।कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद मित्तल ने कहा स्वतंत्रता सेनानी लाल अर्जुन सिंह ने समाज सेवा के संस्कार अपने परिवार में कूट-कूट कर भरे हैं। उनकी प्रेरणा से उनके सुपुत्र अभिमन्यु गुप्ता एवं संजय जिंदल माता श्रीमती रुक्मिणी देवी के आशीर्वाद से प्रतिदिन समाज सेवा के कार्य करते हैं। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन लायन दीपक गोयल जॉन चेयरपर्सन लायन संदीप अग्रवाल ने भी विचार रखें, कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन धीरज अग्रवाल ने की संचालन शिविर संयोजक अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दृष्टि दूत फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने किया इस अवसर पर बागपत व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल अमीनगर सराय व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश बंसल, जिला कोषाध्यक्ष ईश्वर अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष संजय गर्ग, शिवकुमार मित्तल डिप्टी जिला गवर्नर प्रवीण गुप्ता राष्ट्रीय महिला संगठन मंत्री डॉ कमला अग्रवाल ,मंडी समिति के पूर्व सचिवजेपी धामाजी जी, लायन प्रमोद धामा लायन प्रदीप नैन, अतुल जिंदल ,लायन आशुतोष मित्तल अजय मित्तल मनोज मित्तल, प्रमोद जैन ,अंकित जिंदल, सचिव पंकज गुप्ता सचिव2024, 25 विभोर जिंदल, बृजभूषण गोयल, राजीव गोयल सभासद ,गौरव आर्य, गौरव जिंदल ,मनीष सिंगल आनंद जिंदल अशोक अग्रवाल एडवोकेट अखिल गुप्ता गरिमा गुप्ता ,डॉक्टर योगेश चौधरी ,डॉक्टर रामलाल, डॉ संजय तोमर, श्रीपाल वर्मा संजीव शर्मा पीटीआई, डॉक्टर मयंक गोयल, मिथिलेश राजपूत, स्नेह लता सहित अनेक व्यक्तियों का सहयोग रहा।

## संपादकीय

### आलसी पीढ़ी
### सेहत का जोखिम बढ़ाते आधे भारतीय


संजय त्यागी 'महादेव'

प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। यहां शारीरिक श्रम से अभिप्राय सप्ताह में मध्यम गति की ढाई घंटे की शारीरिक गतिविधि या सवा घंटे की तीव्र गति वाली शारीरिक सक्रियता से है। शारीरिक सक्रियता को पैदल चलने, व्यायाम, सैर, योग, दौड़, जिम या तैराकी आदि के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां पचास फीसदी वयस्क भारतीय शारीरिक श्रम से दूर हैं तो महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। विडंबना यह है कि जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण के चलते उपभोक्तावाद का विस्तार हुआ है, हमारी शारीरिक निष्क्रियता में इजाफा हुआ है। हम आरामदायक जीवन-शैली के आदी होते गये हैं। आशंका है कि वर्ष 2000 में भारतीयों में जो शारीरिक निष्क्रियता 22 फीसदी थी, वह वर्ष 2030 तक बढ़कर साठ फीसदी तक हो सकती है। यानी देश की साठ फीसदी आबादी गैर-संचारी रोगों मसलन डायबिटीज और हृदय रोगों के खतरे के दायरे में आ जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीयों में अनुवांशिक रूप से मधुमेह व हृदय रोग होने की आशंका अन्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। जिसका निष्कर्ष है कि शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने से हम इन बीमारियों को और जल्द आमंत्रित कर रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि जहां दुनिया में औसत शारीरिक निष्क्रियता पांच फीसदी बढ़कर 31 फीसदी हुई है, वहीं भारत में बढ़कर पचास फीसदी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। जहां तक महिलाओं की शारीरिक निष्क्रियता का प्रतिशत पुरुषों से अधिक यानी 57 फीसदी होने का प्रश्न है, तो उसके मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में धारणा है कि घर का काम-काज ही शारीरिक सक्रियता का मापदंड है। जबकि यह समस्या की व्यावहारिक व्याख्या नहीं है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोगों की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। भले ही हम अपेक्षित लक्ष्य हासिल न कर पाए हों, औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है। आर्थिक समृद्धि ने हमें सुविधाभोगी बनाया है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े कार्यों में सक्रिय थी। मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं थी । लेकिन धीरे-धीरे कृषि में भी आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। किसान संस्कृति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। नौ से पांच की ड्यूटी करने वाले भी दफ्तर व घर के होकर रह गये। कहीं न कहीं सुविधाओं के विस्तार ने भी हमें आलसी बनाया। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। विडंबना यह है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार और उसके बाद सोशल मीडिया की जकड़ में आने के बाद लोग देर रात सोने व देर से उठने के फेर में फंस गये हैं। सुबह के समय, जब लोगों को व्यायाम, सैर, योग व दौड़ लगानी चाहिए, वे सो रहे होते हैं। शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। आज लोग कुछ न करने के बावजूद बहुत व्यस्त रहते हैं। लोग यदि अपने लिये रोज आधा घंटा भी निकाल सकें तो स्वस्थ रहने का मंत्र हासिल कर सकते हैं। यह हमारी आदत का हिस्सा बन जाना चाहिए।

## वीडोल ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर




युरेशिया संवाददाता

मेरठ । टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेडकी ओर से भारत की अग्रणी लुब्रिकेंट ब्रांडों में से एक वीडोल ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह नयी साझेदारी वीडोल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि कंपनी अपने ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ानाऔर संपूर्ण भारत में अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना चाहती है।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, श्री सौरव गांगुली ने कहा, ष्वीडोल के साथ मेरा सहयोग उत्कृष्टता, नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिस तरह वीडोल ऑटोमोटिव उद्योग में उच्च गुणवत्ता और प्रदर्शन के लिए खड़ा है, उसी तरह मैं अपने काम के हर पहलू में इन मूल्यों को अपनाने के लिए समर्पित हूं। हम साथ मिलकर अपने उपभोक्ताओं को प्रेरित करने और उनसे जुड़ने का प्रयास करेंगे। हम दोनों के पास जो सबसे अच्छा है, हम उसका प्रदर्शन करेंगे।

वीडोल ब्रांड के पास 70 से अधिक देशों के बाजारों के साथ जुड़ाव का एक समृद्धऔर लगभग सौ साल पुरानी विरासत है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्पेशेवरों की पसंदश् के रूप में स्थापित वीडोल, दुनियाभर में वर्कशॉप बिरादरी के बीच एक प्रमुख स्थानरखता है। उद्योग में सम्मानित और विश्वसनीय वीडोल, ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट (रिटेल) और संस्थागत (बी2बी) दोनों क्षेत्रों के लिए लुब्रिकेंट की एक व्यापक रेंज प्रदान करता है। अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ वीडोल, भारत के सबसे प्रमुख लुब्रिकेंट ब्रांडों में से एक है, जिसका 31 मार्च 2024 तक परिचालन से समेकित राजस्व 1931 करोड़ रुपये है।

वीडोल एक विश्वसनीय ब्रांड है, जो अपने सभी भागीदारों को विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों के भंडार को दूर-दूर तक वितरित करता है। इनमें से कई भागीदार कंपनी के साथ दो पीढ़ियों से जुड़े हुए हैं। ईमानदारी, पारदर्शिता और स्थायी संबंध, वीडोल की परिभाषित विशेषताएं हैं, जो इसके विज्ञापन टैगलाइन श्रखे साफ दिल सेश् में भी समाहित है।

नयी साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अरिजीत बासु ने कहा, ष्हम सौरव गांगुली जैसे महान क्रिकेटर को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हमारे साथ पाकर बहुत खुश हैं। जैसा की हम सभी जानते हैं कि इस दिग्गज की नेतृत्व क्षमता, धैर्य और दृढ़ संकल्प ने ही टीम इंडिया के अंदर विजयी भावना को आकार दिया है। ईमानदारी और आत्म-विश्वास पर आधारित ब्रांड सौरव, सभी को प्रदर्शन और उपलब्धि के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है, ये मूल्य वीडोल के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होते हैं। हमें विश्वास है कि यह जुड़ाव हमें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत प्रेरणा प्रदान करेगा।

### अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट 2023-भारत ने सिरे से खारिज किया

# भारत ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2023 को, पक्षपाती व भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव बताया


एड किशन भवानी

कर विशेषज्ञ




### अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों व रिपोर्टों में भारत को रैंकिंग में पिछड़ा व खास नॉरेटिव से गड़ने को रेखांकित कर उपाय ढूंढना जरूरी

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से दुनियां देख रही है कि भारत के बढ़ते विकास प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष सहित सभी क्षेत्रों में इतिहास रचने की गाथा के नए-नए अध्याय जोड़ गए हैं, जिसमें भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में चार चांद लगे हैं। विकसित देश भारत को बॉस व ऑटोग्राफलेने की नजरों से देखते हैं, उसके बाद भी दशकों से हम देख रहे हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में आए वैश्विक सूचकांकों व रिपोर्टों में भारत को अति पिछड़ा बताया जाता है। कई सूचकांकों व रिपोर्ट्स में यहां तक के हमारे पड़ोसी मुल्कों से भी हमारा सूचकांक बहुत नीचे होता है, जो सरासर दिखता है के कहीं ना कहीं कोई मिस्टेक जरूर हुई है, उसके बाद भारत उन सूचकांकों व रिपोर्ट्स को खारिज करता है। जिसपर वे एजेंसियां अपने डाटा दिखाती है,जिसके आधार पर उन्होंने रिपोर्ट्स बनाई है। यह बात आज हम इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 26 जून 2024 को अमेरिकी विदेशी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2023 जारी की गई है, जो 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 अवधि में लिए गए डाटा कलेक्शन के आधार पर तैयार की गई है, जिसमें खास नॉरेटिव गढ़ते हुए चुनिंदा घटनाओं को बताया गया है, व अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत बढ़ाने की बात कही गई है। इस रिपोर्ट को दिनांक 28 जून 2024 को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सीधे तौरपर खारिज कर दिया हैबता दें इस रिपोर्ट में अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता पर उंगली उठाते हुए भारत को फ्टकार लगाई है। मीडिया में आई इस रिपोर्ट के अनेक हिस्सों को मैंने पढ़कर यह पाया कि इसमें मणिपुर हिंसा, धारा 370, मोब लिंचिंग, बुलडोजर, गैर सरकारी संगठनों द्वारा ईसाईयों के खिलाफ हिंसा सहित अनेक मामलों को शामिल किया गया है। हालांकि यह रिपोर्ट उपलब्ध डाटा के आधार पर बनाई गई होगी परंतु मेरा मानना है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष व अनेक जाति धर्म के मिले-जुले तानों बानो से बना देश है जिसकी यह सबसे बड़ी उपलब्धि है कि सब एक साथ रह रहे हैं। वैसे तो बर्तन भी खनखनाते रहते हैं तो आवाज जरूर आती है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह साथ रहने के बाद भी बर्तन खूब टकराते हैं, व एक टोकनी में रहना पसंद नहीं करते, अगर कुछ दंगों के उदाहरण हैं तो कुछ अच्छी बातों के भी उदाहरण है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट 2023 को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है, व भारत ने अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2023 को पक्षपाती व भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव बताया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों और रिपोर्टों में भारत को रैंकिंग में पिछड़ा व खास नॉरेटिव से गड़ने को रेखांकित कर उपाय ढूंढना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 26 जून 2024 को जारी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2023को समझने की करें तो, दुनियां भर में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने साल 2023 के लिए अपनी रिपोर्ट जारी की है।अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर सालाना रिपोर्ट जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में लोग इसकी रक्षा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।इस रिपोर्ट में दुनिया के करीब 200 देशों में धार्मिक स्थिति का आकलन किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आज की तारीख़ में करोड़ों लोग धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान नहीं कर रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत में हेट स्पीच, धार्मिक रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के घरों और पूजास्थलों को ध्वस्त करने के मामले बढ़े हैं।रिपोर्ट में भारत धर्मांतरण विरोधी क़ानून को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत में साल 2023 में भी धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां लगातार ख़राब रही हैं।इसमें कहा गया है कि सत्ताधारी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का काम किया, जिसने समाज में घृणा को बढ़ाने का काम किया है।रिपोर्ट कहती है कि अल्पसंख्यक धर्मों के ख़िलाफ़हो रही सांप्रदायिक हिंसा से निपटने में पार्टी नाकाम रही है। रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत में यूएपीए, एफ़सीआरए, सीएए, धर्मांतरण विरोधी और गोहत्या को लेकर जो क़ानून हैं, उनके चलते धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनकी वकालत करने वालों लोगों को निशानाबनाया गया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन भी न्यूज आउटलेट या एनजीओ ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को लेकर बात की है, उन पर एफ़सीआरए के तहत सख्त निगरानी रखी गई है।इसमें सेंटर फ़ॉर पॉलिसी रिसर्च नाम की एक एनजीओ के एफ़सीआरए लाइसेंस को फ़रवरी, 2023 में रद्द करने का जिक्र किया गया है।रिपोर्ट के मुताबिक़ ये एनजीओ सामाजिक, धार्मिक और जातीय स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रिपोर्ट करने का काम करते हैं, लेकिन गृह मंत्रालय ने इसका एफ़सीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया।इसमें कहा गया है, इसी तरह अधिकारियों ने न्यूजक्लिक के पत्रकारों के घर और दफ़्तरों पर छापेमारी की इसमें तीस्ता सीतलवाड़ भी शामिल हैं,जिन्होंने साल 2002 में हुए गुजरात दंगों के समयएक धर्म विरोधी हिंसा पर रिपोर्टिंग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक़ साल 2023 में भारत में गैर सरकारी संगठनों नेएक विशेष धर्म के ख़िलाफ़हिंसा की 687 घटनाओं का जिक्र किया, जिसमें लोगों को धर्मांतरण क़ानून के तहत हिरासत में रखा हुआ है।इन घटनाओं के कुछ उदाहरण भी रिपोर्ट में दिए गए हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाली इस रिपोर्ट में मणिपुर हिंसा का भी जिक्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून 2023 में मणिपुर राज्य में हिंसा हुई, जिसके चलते हजार लोगों को विस्थापित होना पड़ा।रिपोर्ट के मुताबिक़ इस हिंसा के लिए देश के गृह मंत्री को बड़े पैमाने पर आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसमें यूएन के विशेषज्ञ भी शामिल थे।उनका कहना था कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई।इसके अलावा मणिपुर में जारी हिंसा के चलते देश को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा।साल 2019 में केंद्र की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया था, जो राज्य को कुछ विशेष अधिकार देता था। साथ ही केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बाँट दिया था।रिपोर्ट के मुताबिक़ सितंबर महीने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सिख एक्टिविस्ट हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के शामिल होने का आरोप लगाया था।इसके बाद नवंबर महीने में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की भी कोशिश की गई।इससे पहले 2021 में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने धार्मिकस्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाले देशों के लिए श्कंट्रीज ऑफ पर्टीकुलर कंसर्नश् यानी सीपीसी की सूची जारी की थी।धार्मिक आजादी का आकलन करने वाले एकअमेरिकी पैनल श्यूएस कमिशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडमश् के इस लिस्ट में भारत का नाम शामिल करने का सुझाव दिया था लेकिन इसके बावजूद बाइडन प्रशासन ने भारत का नाम सूची में शामिल नहीं किया था।इस सूची में पाकिस्तान, चीन, तालिबान, ईरान,रूस,सऊदी अरब, एरिट्रिया ताजिकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान और बर्मा सहित 10 देशों को शामिल किया गया था। इससे पहले जारी हुई रिपोर्ट्स में भी इसी तरह की बातें कही गई थीं।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट 2023 को खारिज करने की करें तो,भारत ने इसे बेहद पक्षपातपूर्ण बताया है। 28 जून 2024 को नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है और यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक के विचारों और एक निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलत बयानी,तथ्यों काचयनात्मक उपयोग, पक्षपाती स्रोतों पर निर्भरता और एकतरफा सोच का मिश्रण है, जिसमें अल्पसंख्यकों के खिलाफनफरत बढ़ने की बात कही गई थी। एक खास तरह की नैरेटिव गढ़ने के लिए इस रिपोर्ट में चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है।धार्मिक स्वतंत्रता पर ज्ञान दे रहे अमेरिका को भारत ने फिर लगाई फ्टकार, कहा- पुरानी घटनाओं के माध्यम से गढ़ा गया नैरेटिव। उन्होंने आगे कहा कि रिपोर्ट भारतीय न्यायालयों द्वारा दिए गए कुछ कानूनी निर्णयों की अखंडता को भी चुनौती देती प्रतीत होती है, जैसा कि पहले भी कई बार हुआ है,अमेरिका द्वारा जारी यह रिपोर्ट बहुत ही पक्षपातपूर्ण है। अमेरिकी रिपोर्ट अपने आप में आरोपों, गलत बयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों के एकतरफा प्रक्षेपण का मिश्रण है। रिपोर्ट में एक खास तरह की नैरेटेव को गढ़ने के लिए पुराने घटनाओं का हवाला दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट स्पष्ट रूप से वोट बैंक के विचारों और एक निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। हालांकि भारत इस तरह की रिपोर्ट्स को पहले से ख़ारिज करता रहा है।पहले के अपने बयानों में भारत के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताया था।भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना था कि सालाना रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है।मालूम हो कि अमेरिका ने बुधवार को धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफनफरत बढ़ रही है। रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यक समूहों पर हिंसक हमलों का आरोप लगाया गया है। इसमें मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई हिंसा का भी हवाला दिया गया है।

साथियों बात अगर हम रिपोर्ट तैयार करने के कारणों और प्रक्रिया की करें तो, रिपोर्ट क्यों और कैसे तैयार की जाती हैराज्य विभाग 1998 के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (पीएल 105-292) की धारा 102(बी) के अनुपालन में कांग्रेस को यह वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है, जैसा कि संशोधित किया गया है।यह रिपोर्ट 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2023 के बीच की अवधि को कवर करती है।अमेरिकी दूतावास सरकारी अधिकारियों, धार्मिक समूहों, गैर-सरकारी संगठनों, पत्रकारों, मानवाधिकार निगरानीकर्ताओं, शिक्षाविदों, मीडिया और अन्य लोगों से प्राप्त जानकारी के आधार पर देश के अध्यायों के प्रारंभिक मसौदे तैयार करते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट 2023-भारत ने सिरे से खारिज किया।भारत ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2023 को, पक्षपाती व भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव बताया।अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों व रिपोर्टों में भारत को रैंकिंग में पिछड़ा व खास नॉरेटिव से गड़ने को रेखांकित कर उपाय ढूंढना जरूरी है।

# मनोरंजन के बाजार में वायरल संस्कृति का दौर

## रियलिटी शोज

योगेश के. समदर्शी



सनसनी से खलबली, खलबली से टीआरपी, टीआरपी से एमआरपी और एमआरपी से कमाई- आज के दौर में इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री इसी सूत्र पर कार्य करती दिखाई दे रही है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पारंपरिक मीडिया पर हावी हो चुका है। अब ये सोशल मीडिया सलेब्रिटी दे रहा है। बहुत दिन नहीं हुए हैं जब हमारे बीच सलेब्रिटी या तो टीवी के सीरियल से आते थे या उससे भी पहले केवल फिल्मों के अभिनेता ही सलेब्रिटी कहलाते थे। इसके अतिरिक्त कुछ पॉलिटिशियन, बिजनेसमेन, खिलाड़ी, गायक, कलाकार, या कुछ अन्य विशिष्ट योग्यता रखने वाले ही प्रसिद्ध व्यक्तित्व के रूप में उभरते थे। दौर बदला तो कुछ क्राइम की दुनिया के लोग भी प्रसिद्धि पाने लगे।

इंटरनेट के मोबाइल पर उतर आए जलवे ने सोशल मीडिया टर्म का विकास किया। आज के दौर में हर व्यक्ति के हाथ में उसका मीडिया तंत्र है। इस तंत्र में व्यक्ति चाहे तो दर्शक बन सकता है और चाहे तो मीडियाकर्मी भी। यह दौर वायरल का दौर है। कौन, कब और कैसे वायरल होगा- इसका कोई सैद्धांतिक पक्ष अभी निर्धारित नहीं हो पाया है। पहले लोग जिस फील्ड में प्रसिद्ध होते थे तो उसके लिए बहुत मेहनत करते थे। किंतु आज यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स ने यह मिथक तोड़ दिया है। अब तो कोई कुछ भी कह कर या बेच कर फेमस यानी सलेब्रिटी बन सकता है।

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बिग बॉस के ओटीटी सीरीज नं.-3 की शुरुआत हुई। यह तो विदित है कि यह शो सलेब्रिटीज के लिए ही है। इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों को एक मकान में बंद रखा जाता है। उनकी हर गतिविधि पर सैकड़ों कैमरे नजर रखते हैं। उनके वास्तविक व्यवहार को ही इस शो का कंटेंट बनाया जाता है। और 24 घंटे इनकी हरकतों व व्यवहार को जनता के सामने परोसा जाता है। इस सब से ही टीआरपी डेवलप की जाती है। बड़े-बड़े कॉर्पोरेट संस्थानों से विज्ञापन ले कर यह शो करोड़ों के वारे-न्यारे करता है। शो में आने वाले सलेब्रिटीज प्रति सप्ताह के अच्छे-खासे बजट पर इसमें शामिल होते हैं। इस बार के शो में भी कुछ विख्यात और तो कुछ कुख्यात शख्सियतों का इसमें जमघट है।

इस शो में आने वाले सलेब्रिटी हमेशा ही विवादों में रहने वाली शख्सियतें होती हैं।

इस बार जो सीजन-3 प्रारंभ हुआ है उसके सभी प्रतिभागी किसी न किसी कारण से वायरल हुए लोग ही हैं। अपवाद को छोड़ दें, तो इनमें से ज्यादातर की व्यक्तिगत उपलब्धि इतनी ही है कि ये बहुत कम समय में प्रसिद्ध हो गये या विवादित हो गये। या किसी न किसी कंट्रोवर्सी का हिस्सा बन गये। इसके अतिरिक्त इनमें से अधिकतर की कोई नैतिक भूमिका समाज की कोई दिशा-दशा तय करने में नहीं ही रही। वैसे तो बिग बॉस का ओटीटी शो हो या प्राइम टाइम में चलने वाला शो जिसके होस्ट सलमान खान रहते हैं- दोनों में ही अकसर कंट्रोवर्सियल व्यक्तियों को शामिल किया जाता है। वजह यह कि उनके झगड़े, तेवर, बेहूदगी, वाहियात व अश्लील हरकतें, फूहड़ बयानबाजी, गाली-गलौज, तू-तड़ाक, अहंकार के टकराव, बड़बोलापन, और जितनी भी बदतमीजियां हो सकती हैं, वही इस शो का मूल कंटेंट होता है, जिसे टीवी या अब ओटीटी के माध्यम से समाज को दिखाया जाता है। यह शो समाज के हित में तो किसी भी तरह नहीं कहा जा सकता। यूं भी इंटरटेनमेंट मीडिया ने अपना नैतिक जिम्मेदारी का पथ तो कब का छोड़ दिया है। इंटरटेनमेंट के चक्कर में फिल्मी डायलॉग वाला सिद्धांत ही सब मानने लगे हैं कि इंटरटेनमेंट का मतलब है- इंटरटेनमेंट, इंटरटेनमेंट और इंटरटेनमेंट3। चाहे वह इंटरटेनमेंट फूहड़ बयानों से आये या अश्लील हरकतों से। समाज इन दृश्यों को देख कर कहां जाएगा? कहां जाना चाहिए और कैसा समाज इस तरह के शो से बनेगा इसकी चिंता करने का जिम्मा इंटरटेनमेंट मीडिया ने अलग रख दिया है। नये सीजन में जो लोग आ रहे हैं उनमें ज्यादातर यूट्यूब या सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसिद्ध हुए हैं।

इस बार बिग बॉस के ओटीटी सीजन-3 की होस्टिंग झकास अभिनेता अनिल कपूर कर रहे हैं। शो का जो फॉर्मेट है और जैसा कंटेंट शो को चाहिए होता है -हो हल्ले वाला, गाली-गलौज व लड़ाई-झगड़े वाला- इसके लिए सब मजबूत किरदार घर यानी शो के स्थल में प्रवेश पा चुके हैं। समाज को ये किरदार क्या देंगे ऐसे प्रश्न यूं भी आज के दौर में बेबुनियाद लगते हैं।

हमारा इंटरटेनमेंट मीडिया तंत्र आदर्श और नैतिक किरदारों को पैदा करने की नीयत से अमूमन कभी कोई शो बनाता ही नहीं है। यहां तो हर किसी को सनसनी फैलानी है। नैतिकता की छाती पर सनसनी और फूहड़ता के कई झंडे गड़ चुके हैं।'महंगाई के जमाने में शुद्धता की उम्मीद न रखो'- ये उक्ति मीडिया और इंटरटेनमेंट की मार्केट के बारे में भी प्रकारांतर से इस तरह कही जा सकती है कि इंटरटेनमेंट के दौर में नैतिकता और मानवीय मूल्यों की उम्मीद लगभग बेमानी है।

# आया बुलावा मगर कृपा न मिली

## तिरछी नजर

सहीराम

देखो जी, भक्तों को जब माता का या उनके किसी अन्य आराध्य का बुलावा आता है तो वे हजारों किलोमीटर की यात्रा करके भी वहां पहुंचते ही हैं। दूरी की परवाह नहीं करते, कष्ट की परवाह नहीं करते। बताते हैं कि नीट के परीक्षार्थी भी ऐसे ही हजारों किलोमीटर की यात्रा करके अपने आराध्य धाम अर्थात ? उस परीक्षा केंद्र पहुंचे, जहां उन्हें लाखों रुपये खर्च करके की गयी कोचिंग का, एक साल-दो साल की गयी मेहनत का और दल्लों से किए गए जुगाड़ का फल मिलना था यानी नीट देवी की कृपा प्राप्त होनी थी। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा चलो हरियाणा चलना है।

सवाल उठा कि हरियाणा क्यों जाना है तो जवाब मिला कि वहां झज्जर नामक कोई जगह है, जहां के स्कूल एक विशेष में परीक्षा देंगे तो ग्रेस मार्क्स मिलेंगे। क्या नीट में ग्रेस मार्क्स मिलते हैं। नहीं मिलते तो नहीं, पर हमें मिलेंगे और इस तरह हम टॉप करेंगे और फिर टॉप के मेडिकल कालेज में पढ़ेंगे। और टॉप के डॉक्टर बनेंगे-घरवालों ने खुश होते हुए उनकी बात पूरी की। बेचारे परीक्षार्थी उदास हो गए। बोले-जी वो तो पता नहीं। हां, यह भी बात ठीक है, ग्रेस मार्क्स से डॉक्टर बन जाएं, वही क्या कम है।

कुछ परीक्षार्थियों ने कहा चलो गुजरात चलना है। लेकिन अब गुजरात क्यों जाना है, अब तो गुजरात मॉडल पूरे देश में लागू है। नहीं, वहां कोई गोधरा नामक जगह है-परीक्षा देने वहां जाना है। बाप रे-घरवाले डर गए। तुम्हें पता भी है, तुम क्या कह रहे हो, गोधरा के बारे में कुछ जानते भी हो। अरे यह वही गोधरा है जहां कारसेवकों की ट्रेन में आग लगने के बाद गुजरात दंगे हुए थे। नहीं, कुछ नहीं पता, हम तो बस इतना जानते हैं कि गोधरा में कोई जलाराम स्कूल है, वहां पूरा जुगाड़ है। एकदम पक्की सेटिंग है। डॉक्टर बनने की पूरी गारंटी है। आप लोग क्या इसी गुजरात मॉडल की बात कर रहे थे। नहीं-नहीं, यह नया मॉडल है। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा चलो बुलावा आया है झारखंड चलना है। अरे झारखंड जाकर क्या करोगे, वहां तो ईडी मुख्यमंत्री तक को नहीं छोड़ती। पकड़ लेती है, जेल में डाल देती है। अरे हमें ईडी से क्या लेना, हमें नीट की परीक्षा देने जाना है। वहां टॉप के नंबर लाने का पूरा जुगाड़ है। कहां है यह झारखंड? अच्छा बिहार की बगल में है।

तो देखो यार झारखंड में कोई जुगाड़ न हो तो बिहार में ही हो जाए। बताते हैं कि वहां तो स्कूलों में भी खूब नकल चलती है। चलती होगी, जरूर चलती होगी। बल्कि अब तो देश की सरकार भी बिहार की मदद से ही चल रही है। इस तरह परीक्षार्थी हजारों किलोमीटर की यात्रा करके हरियाणा के झज्जर, गुजरात के गोधरा और झारखंड तथा बिहार पहुंचे। फिर भी कृपा नहीं मिली क्यों?

## एक नजर..

### संचारी रोग से बचने के लिए जानकारी दी

परवीन खानम/ युरेशिया



अंबेहटारू शुक्रवार को नगर पंचायत अंबेहटा द्वारा शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में नाला नालियों के साफ सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध 72 घंटे अभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार भास्कर के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के ब्रांड एंबेसडर एडवोकेट नईम मलिक ने कहा कि बरसात से पूर्व बीमारी से बचने के लिए साफसफाई का विशेष ध्यान रखें तभी संचारी रोगों से बचा जा सकता है

इससे पूर्व अंबेहटा नगर पंचायत सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जागरूकता के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर वासियों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में नगर पंचायत अंबेहटा के सभासद दानिश शफीक, शमीम अंसारी,लियाकत अहमद, शादाब राजेंद्र मित्तल,सन्नी मित्तल, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

## फर्जी चेक बनाकर किसान के साढे 37000 का लगाया चूना

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। गन्ना समिति में लिपिक ने किसान का फर्जी चौक बनाकर किसान को साढ़े सैंतीस हजार का चूना लगा दिया। पीड़ित किसान आरोपी के खिलाफ कोतवाली मे तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई कराने की गुहार लगायी है।

गन्ना सहकारी समिति का नगर में खाद का गोदाम है। गोदाम पर समिति ने एक लिपिक कुलदीप को खाद वितरण के लिये नियुक्त कर रखा है। रानीपुर निवासी

किसान देवी सिंह ने बताया कि उसने तीन जून को सीमिति से बारह हजार अस्सी रूपये का खाद लिया था। कुलदीप ने उसकी चौकबुक यह कहकर उससे ले ली थी कि खाद शाम को मिलेगा इसलिय चौकबुक छोड़ दो शाम को खाद लेते समय ले लेना। उसने शाम को काम मे व्यस्त होने की बात कहकर शाम को भी

चौकबुक नहीं दी। देवी सिंह ने बताया कि तब से वह लगातार कुलदीप से चौक बुक की मांग रहा है। परंतु उसने चौकबुक नहीं दी गई। देवी सिंह का कहना है कि गत 26 जून को उसके पैरो तले से उस समय जमीन खिसक गयी जब उसके मोबाईल पर 37605 रूपये उसकी समिति की लिमिट से कट गये। उसने कहा कि जब उसने आरोपी से चौक बुक देने तथा निकाले गये पैसे समिति को वापस करने के लिये कहा तो वह धमकी देने पर उतारू हो गया। पीड़ित किसान ने मामले की लिखित तहरीर कोतवाली मे देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। उधर आरोपी कुलदीप ने इस मामले मे अपना पक्ष देने से ही मना कर दिया। किसानो का कहना है कि इससे पहले भी आरोपी लिपिक के खिलाफसमिति मे शिकायते होती रही है। एक बार उसे यंहा से हटाया भी गया। परंतु अधिकारियो व सफेद पोशों की मेहरबानी से उसे फिर से यहीं तैनात कर दिया गया। किसानो का आरोप है कि आरोपी लिपिक अनावश्यक भीड लगाने के लिये महीने मे दो तीन दिन खाद बांटता है। इसी भीड का फायदा उठाकर वह किसानो की चौक बुक अपने पास रख लेता है।

## नि:शुल्क मैडिकल कैम्प का आयोजन



मनोज कांबोज/युरेशिया

बिहारीगढ़। क्षेत्र के प्रसिद्ध संतोष मेडिकेयर सेंटर बिहारीगढ द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में फ्री चेकअप कराने के लिए लगभग 122 मरीज पहुंचे। कैंप में 76 मरीजों को डाक्टर रामधन सैनी व डॉ अभिषेक कटारिया ने चौक-अप करने के बाद निःशुल्क दवाईयां वितरित की। संतोष मेडिकेयर हॉस्पिटल के संस्थापक डॉक्टर प्रशान्त सैनी ने बताया कि 37 मरीजों के ब्लड सैम्पल लिए गए तथा 9 लोगों के कैम्प में मौजूद आयुष्मान मित्र सचिन कुमार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि गम्भीर रोगियों को घर से बिहारीगढ अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस सेवा निःशुल्क दी जा रही है। इस दौरान निशुल्क दवाई वितरण कैंप में डॉ अभिषेक कटारिया, फार्मासिस्ट सावेज, कुमारी नेहा व पायल के अलावा डाक्टर नरेश सैनी, डाक्टर अंकित कुमार, डॉ सहीराम आदि शामिल रहे।

### दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल

समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |

# पुलिस मुठभेड़ के बाद महिला से चौन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए 03 गिरफ्तार,

### कब्जे से महिला से लूटी गयी पीली धातु की आधी चौन को बेचकर प्राप्त 16,500 रुपये नगद, 01 तमंचा 12 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस, 02 चाकू नाजायज, 01 एक्टिवा स्कूटी बरामद



प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। थाना मण्डी पर वादिया अनीता सिंघल निवासी कृष्णा नगर, स्टेट बैंक वाली गली, चिलकाना रोड थाना मण्डी,की लिखित तहरीर बाबत दो अज्ञात युवको द्वारा उसके गले से पीली धातु की चौन को झपट्टा मारकर लूटने व अपने एक अन्य साथी के साथ स्कूटी पर फरार होने के संबंध में थाना मण्डी पर मु0अ0सं0-249/2024 धारा 392 भादवि बनाम 03 अभियुक्त अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर महिला से चौन स्नैचिंग की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में थानाध्यक्ष नेमचन्द के कुशल नेतृत्व में मुखबिर खास की सूचना मिली की शक्ला पुरी रोड पर रजवाहे की पटरी के पास बन्द पड़े मकान के पीछे चौन स्नैचिंग करने वाले तीन अभियुक्त अवैध अस्लाह के दिखायी दिये। इस सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम जैसे ही शक्ला पुरी रोड पर रजवाहे की पटरी के पास बन्द पड़े मकान के पास पहुँची तो बदमाशों द्वारा पुलिस को अपने नजदीक आता देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा घेर कर तीनों शातिर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान 1. शाजेब पुत्र सईद अहमद, नि0 मण्डी समिति रोड, मसूर पैलेस के बराबर वाली गली थाना मण्डी, 2. उवेश उर्फ पिचकन पुत्र मास्टर ताहसीन , निवासी मैसूर पैलेस के पास गली नम्बर 1 थाना मण्डी, 3. अनस पुत्र इरशाद निवासी आली का ऽ मौहल्ला तेलियो वाला चौक निकट चाँद हकीम की दुकान थाना मण्डी सहारनपुर के रुप में हुई। जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में महिला से लूटी गयी आधी चौन को बेचकर मिले 16,500/- रुपये नगद, 01 तमंचा नाजयाज 12 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस 12 बोर, 02 चाकू नाजायज तथा घटना में प्रयुक्त 01 एक्टिवा स्कूटी ऽ बरामद हुई। पुलिस टीम पर फायरिंग करने व अवैध अस्लाह बरामद कर सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह, उ0नि0 प्रवेज कुमार, उ0नि0 अतुल कुमार, है0का0 02 कमल कौशिक, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 कपिल कुमार, का0 अमित कुमार शामिल रहे।

# संजय सैनी हत्याकांड -ग्रामीणों ने की शीघ्र खुलासा करने की मांग

मोमीन अली/युरेशिया



नागल। पांच दिनों पूर्व संजय सैनी उर्फ नीटू हत्याकांड का पुलिस द्वारा अभी तक खुलासा न किए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस से मिलकर घटना का शीघ्र खुलासा किए जाने की मांग की। बताते चलें कि पहाड़पुर में रविवार रात खेत पर पानी देने गए संजय सैनी उर्फनीटू की अज्ञात लोगों ने चाकू से गर्दन रेत कर हत्या कर दी थी। आरोप है कि उसके बाद से पुलिस इस मामले में ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। जिस पर शुक्रवार दोपहर दो दर्जन से अधिक ग्रामीण हत्याकांड के खुलासे की मांग को थाने पहुंचे, जहां थाना प्रभारी के न मिलने पर ग्रामीण थाना परिसर में ही दरी डालकर बैठ गए। बाद में ग्रामीणों के बीच पहुंचे एसएसआई ओमेंद्र मलिक ने ग्रामीणों को समझाया कि पुलिस इस मामले में जांच जारी रखे है तथा कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। काफी हद तक हमें सफलता भी मिल चुकी है। शीघ्र ही हत्याकांड का खुलासा कर दोषियों को जेल भेजा जाएगा। पुलिस के आश्वासन पर सभी ग्रामीण अपने घरों को लौट गए। ग्रामीणों में मुख्य रूप से मोना सैनी, राजू सैनी, महिपाल सैनी, शिवलाल सैनी, पूरण सैनी, वीर सिंह, मनीष कुमार, सुशील सैनी, रोशन सैनी, शैलेश सैनी, बाबूराम, प्रदीप सैनी आदि रहे।

# खाध सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय बैठक

### खाध विभाग व आबकारी विभाग सयुक्त रूप से शराब की दुकान की करेंगे निरीक्षण मिलावटखोरों के लाइसेंस धारा 64 के अंतर्गत किए जाएंगे निरस्त



युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने खाध सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा जो भी प्रतिष्ठान है अगर मिलावट करते हैं या साफ सफाई का ध्यान नहीं रखते हैं उन पर कार्यवाही की जाए,खाद्यय पदार्थों का रखरखाव ठीक रखा जाए एक्सपायर तिथि का पैकिंग के सामानों पर विशेष ध्यान रखा जाए इसके के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाए,उन्होंने शराब की दुकानों पर अभियान चलाए जाने के लिए खाध सुरक्षा व आबकारी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा जिन भी दुकानों पर अगर मिलावट शराब विक्री की जा रही है उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

कोई प्रतिष्ठान अगर बार बार मिलावट करता पाए जाते है तो ऐसे मिलावटखोरों के लाइसेंस धारा 64 के अंतर्गत निरस्त किये जायेगे ओर उन पर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपरजिलाधिकारी पंकज वर्मा, सहायक खाद्य आयुक्त मानवेंद्र सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में किया गया सफाई मित्रों का सम्मान

विपुल जैन / युरेशिया




बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत के द्वारा सफाई मित्र सम्मान समारोह हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट के नियमों के अन्तर्गत मनाया गया। स्वजनों के द्वारा स्वच्छता अभियान को सार्थक बनाते हुए जीरो वेस्ट इवेंट का पालन किया गया है। इस आयोजन में प्लास्टिक मुक्त रखते हुए जल-पान व्यवस्था हेतु प्लास्टिक का प्रयोग न करते हुए पानी पीने के लिए कागज के गिलास और चाय पीने के लिए मिटटी के कुल्हड का प्रयोग किया गया है। नगर के समस्त लोगो को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया है। निकाय नगर पालिका परिषद बागपत के सफाई कर्मचारी जिन्होने सफाई के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है, उन सफाई कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उक्त इवेंट में निकाय के डिप्टी कलेक्टर,अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार यादव, फहीम अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय जनपद बागपत, वरिष्ठ लिपिक महेश चन्द शर्मा, लिपिक सोनम यादव, बुशरा, पवन धामा और सन्दीप कुमार एवं निकाय के समस्त अधिकारीगण और कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने लिया पर बढ़- चढ़कर हिस्सा

विपुल जैन / युरेशिया



बागपत। जियो और जीने दो ट्रस्ट बड़ौत एवम मनस्मपूर्ण ट्रस्ट व कल्याण भारती सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में उपाध्याय धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें मेडिकल सुविधा बड़ौत चौरिटेबल ब्लड सेंटर के द्वारा उपलब्ध कराई कराई गई। शिविर में नगर के रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कल्याण भारती सेवा संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपीचन्द सैनी व जियो और जीने दो चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव हेम चन्द जैन ने शिविर का प्रबंधन किया, इसमें धर्मपाल उपाध्याय, कांता राजपूत, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ सोनू, सुमन, प्रवीन जैन कार्यकारी सहयोगी रहे।

शिविर में नगर के लगभग 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओ को प्रमाण पत्र के साथ एक मयूर जग प्रोत्साहन हेतु उपहार स्वरूप दिया गया।

## सृष्टि के लिए बिगड़ा पर्यावरण बना सबसे बड़ा खतरा- महामंडलेश्वर



### पर्यावरण संभाल के लिए जीवनदायिनी पेड़ लगाने की मांग- राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

अरविन्द चौहान उ/ युरेशिया

सहारनपुर।करीब पांच दशक से सरकार के साथ-साथ मानव ने भी ऊर्जावान पेड़ लगाने बंद कर दिए हैं। जिससे हर जीव को शुद्ध हवा मिलती थी आज यही कारण है कि देश दुनिया में संक्रमण रोगों के साथ-साथ प्रदूषित वातावरण से लोगों में गंभीर रोग उत्पन्न हो रहे हैं। बदलते परिवेश में सृष्टि के लिए बिगड़ा पर्यावरण सबसे बड़ा खतरा। ऑक्सीजन रहित पेड़ो की जगह विदेशी पेड़ों ने ले ली है जो पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बना है। श्रीश्री1008अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी सविता जमुना दास राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रकोष्ठ ने बिगड़ते पर्यावरण को लेकर गहरा दुख जताया है।

उन्होंने कहा कई दशक से पीपल,बरगद और नीम के पेडों का रोपण नहीं किया जा रहा पीपल कार्बन डाई ऑक्साइड का 100ः एबजॉर्बर है,बरगद 80ः और नीम 75ः देता है।

लोगों ने विदेशी चीड़ यूकेलिप्टस आदि बनावटी पेड़ों को लगाना शुरू कर दिया,जो जमीन को जल विहीन कर रहे है।

वर्तमान में जगह जगह यूकेलिप्टस,गुलमोहर और अन्य सजावटी पेड़ो ने ले ली है।जब वायुमण्डल में रिप्रेशर ही नहीं रहेगा तो बीमारियों के साथ-साथ गर्मी तो बढ़ेगी ही और जब गर्मी बढ़ेगी तो जल भाप बनकर उड़ेगा अगर ऐसा ही चला रहा तो आने वाली पीढ़ीयो के लिए जल संभालना बहुत भारी पड़ेगा।

उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति एवंम प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भारत को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए युद्ध स्तर पर जागरूकता के साथ-साथ जगह-जगह पीपल,नीम,शीशम,बरगद आदि ऊर्जावान स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले पेड़ लगवाने की मांग की है।

## बढते तापमान को रोकने के लिए दिया अधिकाधिक पौधारोपण पर बल




अरविन्द चौहान / युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर)मानव संसाधन संगठन द्वारा पृथ्वी के बढते तापमान का कारण घटते पौधारोपण को बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से साल भर में न्यूनतम 5 पौधे रोपित करने का आहवान किया और कम्पनी की ओर से एक लाख पौधे रोपित करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

ग्राम मछरोली शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मजेंटा फाइनेंस सर्विसेज दिल्ली के चीफऑपरेटिंग ऑफिसर मनोज शर्मा एवं नवसमृद्धि से सारिक ने निरंतर घटते भूजलस्तर एवं पेड पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी के बढते तापमान को रोकने पौधा रोपण ही एकमात्र जरिया हैं, ताकि धरती का श्रृंगार निरंतर बना रहे उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपने दैनिक जीवन में प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस, जन्मदिन, विवाह शादी के उपलक्ष में पांच पांच पौधे रोपित करने की अपील की। इससे भूमि कटाव को रोकने में मदद के अलावा शुद्ध हवा, फल, फूल इत्यादि की प्राप्ति होती है। संचालन एरिया मैनेजर राजवीर कुमार ने किया। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, राकेश कुमार, परविंदर, सतवीर सिंह, प्रदीप शर्मा, गुरमीत, प्रीति एवं विक्की सहित काफी लोग मौजूद रहें।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज सरसावा में किया गया स्वास्थ्य कैंप का आयोजन




शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। आज दिनांक 27 जून को राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ छाया मित्तल की अध्यक्षता मै एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन पिलखनी ग्राम में कराया गया जिसमें मरीज को फ्री बीपी शुगर अन्य जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई. कार्यक्रम में विभाग के एचडी के छात्र एवं एमबीबीएस के इंटरव्यू के द्वारा मरीजों की सामान्य जांच एवं उनका सामान्य जांच कराई गई और अधिक गंभीर रोगों को मेडिकल कॉलेज सहारनपुर के लिए रेफर किया गया इस तरह के स्वास्थ्य कैंप निरंतर आयोजित किए जाएंगे ऐसी जानकारी डॉक्टर सुधीर राठी प्रधानाचार्य ने दी कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष डॉक्टर छाया मित्तल डॉ अमित मोहन डॉक्टर गगन गर्ग डॉक्टर समर्थ गोविल एवं डक् और एमबीबीएस के छात्र उपस्थित रहे

# सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी का भव्य शुभारंभ

## गौरवशाली इतिहास के साथ भारत आज विश्व का नेतृत्व कर रहा है - दीपक वोहरा, राजदूत, अफ्रीका व लद्दाख में विशेष सलाहकार






युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम की प्रेरणा से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता अफ्रीका व लद्दाख में विशेष सलाहकार राजदूत दीपक वोहरा, सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ.राकेश सिंह, आईपीएस डॉ.राजीव दीक्षित, प्रतिकुलपति डॉ.हिमांशु ऐरन, कार्यक्रम संयोजक व सम्राट अशोक सुभारती बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ.हिरो हितो ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने सभी अतिथियों का सुभारती विश्वविद्यालय आगमन पर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। मुख्य वक्ता अफ्रीका व लद्दाख में विशेष सलाहकार राजदूत दीपक वोहरा ने कहा कि भारत देश अपनी परंपराओं और गौरवशाली इतिहास के साथ आज विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश युवा शक्ति के साथ विश्व में उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन रहा है तथा युवाओं को अपने महापुरुषों व इतिहास से प्रेरणा लेकर देशहित में अपनी योग्यता से कार्य करने चाहिए। वर्तमान समय में भारत की उभरती हुई जीडीपी सहित देश के विभिन्न सेक्टर में वृहद स्तर पर हो रहे विकास कार्यो से सभी को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि भारत को भारत की नजर से देख कर अपनी हर एक संपदा पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक के सहयोग व जागरूकता से देश विकसित होता है तथा अनेकता में एकता ही भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने कहा कि तथागत बुद्ध की शिक्षाएं भी आज के समय में प्रासंगिक है, जो भारत को श्रेष्ठ बनाती है।

जेएनयू से आए प्रो. सी उपेन्द्र राव ने कहा कि वर्तमान भारत की ऊर्जा प्राचीन भारत के इतिहास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत एक भाव है तथा भारत की एकता और श्रेष्ठता का प्रतीक है यह विचार हमारे देश की विविधता में एकता को दर्शाता है। कुलाधिपति श्रीमती स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा देश के हर नागरिक के सहयोग से साकार होगा। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को मिलकर अपने देश को श्रेष्ठ बनाना है, इसके लिए देश के इतिहास व बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ.राकेश सिंह का आभार प्रकट करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी के संयोजक डॉ.हिरो हितो ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी के भव्य शुभारंभ पर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत 28 से 30 जून 2024 तक त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 29 जून दिन शनिवार को एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे तथा प्रबुद्ध विद्वानों द्वारा सत्र परिचर्चा भी रहेगी। 30 जून 2024 को तीसरे दिन एक भारत, श्रेष्ठ भारत विषय पर विभिन्न मतावलंबी विद्वानों द्वारा परिचर्चा आयोजित की जाएगी एवं परिचर्चा उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम में आईपीएस मेरठ आर्थिक अपराध शाखा से डॉ.राजीव दीक्षित, प्रो. रेनू शुक्ला, डॉ.आनन्द वर्धन, डॉ.सत्येंद्र पांडे, डॉ. भारती, फाम सोन फोंग, डोंग थेंग, ओभासा विद्याधीतया, चर्मरी तांगकसिकित ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सुभारती फाइन आर्ट्स कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुभारती फाइन आर्ट कॉलेज की आर्ट गैलरी में एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बीएचयू के पूर्व छात्रों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन डॉ.सीमा शर्मा ने किया। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ.राकेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ.सत्यम खरे, डॉ. मनोज कपिल, डॉ.सोकिन्द्र कुमार, डॉ.अभय शंकरगौड़ा, डॉ. पिन्टू मिश्रा, डॉ.सरताज अहमद, डॉ भावना ग्रोवर, डॉ.जासमीन आनन्दाबाई, समीर सिंह आदि सहित सभी संकाय व विभाग के प्राचार्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर..

### मेड बांधने के विवाद में धारदार हथियार से प्राण घातक हमला, पांच लोग गंभीर रूप से घायल



युरेशिया संवाददाता

(अंबेडकर नगर। मेड बांधने के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोल बंद होकर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेज कर मामले में कार्रवाई के लिए जुटी है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा गांव के आशिक अली व अब्बास अली खेत में धान की रोपाई के लिए मेड बांध रहे थे। मेड बांधने के दौरान कुछ मिट्टी विपक्षी इशहाक के खेत में चली गई। इसी बात को लेकर इसहाक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार व लोहे की राड लेकर गोल बंद होकर आशिक अली, व अब्बास अली पर प्राण घातक हमला कर दिया। हल्ला गुहार पर बीच बचाव के लिए पहुंचे आशिक अली पक्ष के कासिम अली, मोहम्मद अल्ताफ और मोमिना खातून को भी दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। प्राण घातक इस हमले में किसी का हाथ टूट गया तो किसी का पैर टूट गया।

वही आशिक अली व अब्बास अली की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से वह रह रहकर बेहोश हो जा रहे हैं।मारपीट की इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मेड बांधने को लेकर मारपीट हुई है। विपक्षी इलियास, इसरार, इसहाक अली, मोहम्मद अल्ताफ मोहम्मद अंजार, के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर राधा वैली कॉलोनी के लोगों ने बिल्डर की मुख्यमंत्री से शिकायत




विकास गौतम /युरेशिया

मथुरा। हाईवे स्थित राधा वैली कॉलोनी के लोगों ने बिल्डर एसजेपी ग्लोबल फर्म पर आरोप लगाए हैं बृहस्पतिवार को श्री राधा वैली रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी ने इस संबंध में प्रेस वार्ता की सोसायटी अध्यक्ष उमेश भरतिया ने बताया कि उन्होंने समस्या के संबंध में उपाध्यक्ष आगरा कमिश्नर रितु माहेश्वरी मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के नगर विकास मंत्री से शिकायत की है सोसाइटी का आरोप है कि एसजेपी ग्लोबल द्वारा वर्ष 2009 में निर्मित कॉलोनी में आंतरिक विकास कार्य 15 वर्ष में भी पूरे नहीं किए गए कॉलोनी की सुरक्षा के लिए बनी दीवारों की ऊंचाई एक समान नहीं है इसके आए दिन चोरी की की घटनाएं हो रही है पोल हैं खपत के ट्रांसफार्मर भी स्थापित नहीं कराए गए हैं एसटीपी भी संचालित नहीं है पानी सीधा नाले में बहाया जा रहा है इससे प्रदूषण फैल रहा है सोसाइटी के उपाध्यक्ष एसडी शर्मा एवं डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि सेक्टर 5 व 6 में आधा दर्जन से भी अधिक पार्को को विकसित किया जाना बाकी है जो पार्क बने हैं वह भी देख-रेख के अभाव में खराब हो गए सेक्टर 5 व 3 व 4 में लगभग 2 किमी लंबी लिंक रोड का निर्माण भी नहीं किया गया है सोसायटी महामंत्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि बंधक भूखंडों की बिक्री कर दी है इससे खरीदारों को निर्माण एवं फिर से बेचने में परेशानी आ रही है उन्होंने कहा कि इसमें विकास प्राधिकरण की भी मिलीभगत हो सकती है सोसाइटी ने मांग रखी है कि इसकी जांच कराकर एसजेपी तथा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए।

# मथुरा-वृन्दावन नगर निगम होती जा रही हाईटेक

## कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत सभी 70 वार्डों, मथुरा तथा वृन्दावन के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित होने वाले कूड़े के कलैक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन का कार्य शत-प्रतिशत रूप से मै. नेचर ग्रीन टूल्स एण्ड मशीन द्वारा किया जा रहा है जिसमें संस्था द्वारा समस्त वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन कराये जाने के साथ ही नगर निगम मथुरा-वृन्दावन समस्त क्षेत्रान्तर्गत डलाब घरों एवं जी.वी.पी. स्थल से निरन्तर कूड़ा उठाने जाने की कार्यवाही की जा रही है। संस्था द्वारा सम्पादित अनुबंध के अनुसार संस्था द्वारा वाहनों की सतत निगरानी, डोर टू डोर कार्य के पर्यवेक्षण तथा नगर निगम की स्थानीय जनता के सुविधार्थ आन लाइन डेशबोर्ड विकसित किया गया है।

शुक्रवार को महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा भूतेश्वर जलकल कम्पाण्ड स्थित मै. नेचरग्रीन टूल्स एण्ड मशीन प्रा लि के वेस्ट मैनेजमेन्ट आपरेशन कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर पर फीता काटकर डेशबोर्ड का उदघाटन किया गया।




उदघाटन अवसर पर महापौर श्री अग्रवाल ने डेशबोर्ड की प्रमुख विशेषताएं बताते हुए जानकारी दी कि डेशबोर्ड पर ग्राफिक्स के माध्यम से सम्पूर्ण परियोजनाध्संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी की जा सकेगी। डेशबोर्ड पर समस्त 70 वार्डों की बाउण्ड्री बनाकर प्रत्येक वार्ड में समस्त घरों से कूड़ा एकत्रित किये जाने हेतु वाहनों रूट निर्धारित किये गये है। नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त सम्पत्तियों का सर्वेकर सम्पत्तियों की जीपीएस लोकेशन टैग की जायेगी जिसको डेशबोर्ड पर प्रदर्शित कर सम्पत्तियों से एकत्रित किये गये कूड़े की जानकारी की जा सकेगी। साथ ही नगर निगम को सम्पत्तियों से यूजर चार्ज वसूली में भी सहूलित होगी। वाहन द्वारा वार्ड में कितने घरों से कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है इसका प्रतिदिन का विवरण उपलब्ध हो सकेगा। डोर टू डोर वाहन की रियल टाइम मॉनिटरिंग जी.पी.एस. के माध्यम से की जा सकेगी। डोर टू डोर वाहन की स्पीड लिमिट की जानकारी डेशबोर्ड के माध्यम से की जायेगी जिससे वाहन चालक नियंत्रित गति से ही वाहनों संचालन कर सकेंगे एवं निर्धारित रूट पर डोर टू डोर कलैक्शन का कार्य करते समय वाहन की गति अत्यन्त धीमी रखी जायेगी जिससे लोगों को कूड़ा डालने में असुविधा न हो। डेशबोर्ड के माध्यम से डोर टू डोर वाहनों के ईंधनध्सीएनजी की जानकारी भी की जा सकेगी।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा बताया गया कि डेशबोर्ड के माध्यम से डेशबोर्ड की लिंक पृथक से सभी अधिकारियों को उपलब्ध करायी जायेगी जिससे अधिकारियों से सम्बन्धित कार्य क्षेत्र के अनुसार डोर टू डोर कूडा कलैक्शन परियोजना का प्रभावी रूप से अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जा सकेगा। उक्त डेशबोर्ड के माध्यम से संस्था द्वारा कराये जा रहे डोर टू डोर कार्य की गुणवत्ता को मॉनिटर किया जा सकेगा। वाहनों द्वारा निर्धारित रूट के अनुसार कूड़े का कलैक्शन किया जा रहा है या नहीं की देख-रेख की जा सकेगी।

नगर निगम द्वारा आयोजित किये गये डेशबोर्ड उदघाटन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेन्ट थीम पर किया गया है। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया है।

उदघाटन कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के अलावा नीरज वशिष्ठ पार्षद निरंजन चौधरी पार्षद लक्ष्मण सैनी पार्षद धर्मेश नोहवार पार्षद कुंजबिहारी भारद्वाज पार्षद प्रतिनिधि कर निर्धारण अधिकारी रामेश्वर दयाल एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनवाने के नाम पर वसूली की हुई शिकायत

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के एक कांग्रेसी नेता ने कांग्रेस के एक जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी नामक व्यक्ति पर एक लाख रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि यह रुपए मथुरा का कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनवाने के नाम पर लिए गए। पैसे वापस मांगने पर जान-माल की धमकी दी गई। बैंक खाते में किए गए भुगतान से संबंधित ई-ट्रांजेक्शन की रसीद लगाकर शिकायत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की गई है।

मथुरा जिले के भगवान नगर, अडूकी निवासी चंद्रपाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वे बलरामपुर में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात श्रावस्ती जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी से हुई। घुल-मिल जाने पर उन्होंने मथुरा जिले का जिलाध्यक्ष बनवाने का लालच दिया। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक लाख रुपए का खर्चा बताया।

शिकायतकर्ता ने लिखा है कि उसने नसीम चौधरी के मोबाइल नंबर 9793207325 पर अपने फोन नंबर 9410813704 से 24 मई को एक लाख रुपए फोन-पे के जरिए भेज दिया। काम नहीं हुआ तो पैसा वापस मांगने पर श्रावस्ती जिलाध्यक्ष जानमाल की धमकी दे रहे हैं।

पीड़ित ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से रुपए वापस दिलाने और कार्रवाई करने की मांग की है। श्रावस्ती कांग्रेस जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी ने आरोप को फर्जी बताते हुए कहा कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानता हूं। संबंधित के खिलाफमानहानि का मुकदमा दायर करूंगा।

मामला अभी संज्ञान में नहीं आया है। पत्र मिला तो जांच करवाकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफपार्टी बड़ी कार्रवाई करेगी।-अजय राय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# नगर आयुक्त की मानसून तैयारियों का इंद्र देव ने लिया रियल्टी टैस्ट, सभी तैयारी हुई फेल



विकास गौतम /युरेशिया

मथुरा। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था पर बरती जा रही ढील का नतीजा एक ही वारिश में सामने आने लगा है। नगर आयुक्त द्वारा मथुरा जनपद की जनता सहित आलाधिकारियों को सिर्फगुमराह करने के अलावा कोई और कार्य नही किया गया। मानसून की आहट सुन नीद मै से जाग बढ़ी बढ़ी बैठक करने और हवा बाजी बनाने के अलावा कोई कार्य अमल मै नही लाया गया जिसका परिणाम है कि पहली ही वारिश में रियल्टी टैस्ट मै फेल हो गया। मथुरा के मुख्य मार्ग भूतेश्वर चौराहे, नया बस स्टैंड और पुराना बस स्टैंड के नीचे हर बार की तरह पानी भर गया लोगों को निकलने मै दिक्कत का सामना करना पड़ गया वही हाल ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला गांव मै समय रहते पोखर तलाव की सफाई नही कराई गई जिसके कारण वारिश का पानी गांव मै घरों मै घुसने लगा गांव हो या शहरी सड़को का भी यही हाल रहा। जनता नगर आयुक्त और मेयर के साथ साथ जिलाधिकारी मथुरा को भी कोसते दिखाई दी। मथुरा नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम की कार्यप्रणाली को सिर्फफोटो सेशन तक सीमित रख कर शहर की सफाई व्यवस्था को राम भरोसे छोड़ रखा आए दिन सोसल मीडिया पर फोटो डाल कर अपनी पीठ थपथपाने के अलावा सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया जव बरसात का सीजन सर पर आ गया तो अचानक नीद से जाग कर सफाई व्यवस्था पर हाथ पैर मारने लगे और जनता को ड्रोन से सफाई की निगरानी जैसे दिवा स्वप्न दिखाने लगे पर जब स्वम इंद्र देव ने आकर नगर आयुक्त के ड्रोन कैमरे से सफाई निरीक्षण की असलियत जनता के सामने खोल कर रख दी। इंद्र देव ने नगर आयुक्त को समय रहते टेलर दिया है जमीन पर रहकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करो ड्रोन से सफाई व्यवस्था की निगरानी करने वाले नगर आयुक्त को बरसात मै जनता ड्रोन पर ही नगर आयुक्त को खोजती दिखाई देगी।

# चौधरी विजेंद्र सिंह ने छोड़ी बसपा राजनीतिक गलियारों में चर्चा

## बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रहे चौधरी विजेंद्र सिंह ने बहुजन समाज पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

## स्वः चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने में चौधरी विजेंद्र सिंह का रहा विशेष योगदान शीघ्र ही अपने समर्थकों के साथ बातचीत करके अगला कदम उठाएंगे



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। बिजनौर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे चौधरी विजेंद्र सिंह ने बसपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने अपने सभी पदों से इस्तीफा भी बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती को भेज दिया है। उनके इस कदम से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने इस्तीफा देने की घोषणा करके राजनैतिक जगत में भूचाल ला दिया है। इसके पीछे इन्होंने अपने कुछ निजी कारण बताए हैं साथ ही कहा है कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया ने उनको बिजनौर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया जिसको लेकर वह सदैव उनके आभारी रहेंगे। चौधरी विजेंद्र सिंह लगातार किसान मजदूर और दलितों की आवाज को बुलंद करते चले आ रहे है, व स्वरू चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने में इनका विशेष योगदान रहा। इस सम्बन्ध में चौधरी विजेन्द्र सिंह ने बातचीत में बाताया कि शीघ्र ही अपने समर्थकों के साथ बातचीत करके अगला कदम उठाएगे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने अभी तक किसी अन्य पार्टी में जाने का खुलासा नहीं किया है।

# छाता के पूर्व चेयरमैन के भाई की हत्या का हुआ खुलासा

## प्रेम प्रसंग के मामले में पत्नी के प्रेमी ने ही दिया घटना को अंजाम

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा। छाता कोतवाली के पास मंगलवार देर रात बाइक सवार नकाबपोशों ने छाता के पूर्व चेयरमैन स्व. प्रताप चौधरी के छोटे भाई प्रेम सिंह की सिर में गोली मार कर हत्या यूं ही नहीं की। इसके पीछेदो साल पुरानी रंजिश सामने आई है। यह रंजिश परिवार की एक महिला से निकटता को लेकर पैदा हुई। इसके बाद इन दोनों पक्षों में कुछ-कुछ समय बाद छोटे-छोटे विवाद होते रहे। इन विवादों ने अब बड़ा रूप ले लिया। मन में खुन्नस पाले बैठे पिंटू ने हत्या की वारदात की साजिश रच उसे अंजाम तक पहुंचा दिया।

प्रेम सिंह चौधरी (35) पुत्र स्व. छिद्दी सिंह निवासी सिंगू थोक, छाता एक शीतल पेय कंपनी में काम करते थे। मंगलवार रात घटना उस वक्त हुई जब प्रेम सिंह कंपनी में अपनी ड्यूटी खत्म कर रात 10.30 बजे करीब दोस्त रत्न सिंह संग बाइक पर बैठकर गांव लौट रहे थे। मृत शख्स के भतीजे मनीष ने गांव के अमित उर्फ पिंटू, उसके पिता हर प्रसाद, चाचा रामवीर और दोस्त नवीन निवासी मोरकुटी, पलवल के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस की छानबीन में सामने आया है महिला से निकटता को लेकर दो साल पहले हुई रार का सूत्रधार पिंटू था। उसकी पीड़ित पक्ष ने पिटाई भी की थी। इसके बाद तीन माह पहले अमित उर्फपिंटू ने तीन माह पहले प्रेम सिंह के भतीजे मंजीत पर फायरिंग भी की थी। पिंटू के चाचा रामवीर से बीती दिवाली पर पटाखे चलाने को लेकर विवाद हुआ था। तब भी हथियार तक निकल आए थे।

पुलिस छानबीन में यह भी सामने आया है कि हत्या इन आरोपियों ने स्वयं की थी। भाड़े के हत्यारे नहीं बुलाए गए। इस वारदात को अंजाम देने के लिए बिना नंबर प्लेट की बाइक का इस्तेमाल किया गया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। इंस्पेक्टर संजय कुमार त्यागी ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। सर्विलांस, स्वाट व एसओजी टीमें भी तलाश में जुटीं हैं। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# दिव्यांगजन कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विभागीय पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शैलेष रॉय ने जनपद के दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए बताया कि कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत ट्राईसाईकिल, बैशाखी, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, लेप्रोसी किट आदि उपकरण प्राप्त करने हेतु आवेदन विभागीय पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन किये जाने का प्राविधान है। आवेदन के साथ निम्न अभिलेख संलग्न वांछित होगें। आय प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46,080/ से अधिक न हो व शहरी क्षेत्र में रू0 56,460/- से अधिक न हो ( सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र मान्य होगा), आधार कार्डध्वोटर आई0डी0ध्राशन कार्ड आदि, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक का हो, आवेदन पत्र पर राजकीय चिकित्सक से उपकरण की संस्तुति के साथ इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें, ताकि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण से लाभान्वित किया जा सके।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121-4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)